दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 75 | सीकर, मंगलवार 12 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक चेतना को मिली नई ऊर्जा : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और अटूट आस्था का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं ने अनेक बार आक्रमण किए। मंदिर में लूटपाट की गई, लेकिन यह मंदिर हर बार और अधिक भव्यता एवं स्वाभिमान के साथ पुन: स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि हमें हमारी समृद्ध विरासत, संस्कृति और स्वाभिमान को संजोते हुए आगामी पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाकर सशक्त और आत्मनिर्भर भारत निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सोमवार को झारखंड महादेव मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुए सोमनाथ अमृत महोत्सव में मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

### प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर पहुंचे। प्रधानमंत्री का मंदिर मार्ग पर शंख और डमरू वादन के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सोमनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की एवं देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सोमनाथ अमृत महोत्सव के अवसर पर आकाश में गौरव और शौर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने सोमनाथ मंदिर के ऊपर अपने फ्लाईपास्ट से केसरिया और तिरंगे की आभा बिखेरी।

### करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र सोमनाथ मंदिर

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में यह आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही, हर जिले में इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के समय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। उनका मानना था कि यह मंदिर भारत के आत्मसम्मान का प्रतीक है। वर्ष 1951 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा इस मंदिर की समारोहपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई।




### आध्यात्मिक उत्थान एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक निर्णय

उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में राज्य सरकार ने प्रदेश में आध्यात्मिक उत्थान एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक निर्णय लिए हैं। पुष्कर, खाटूश्यामजी, नाथद्वारा, केशोरायपाटन, डीग और चित्तौड़गढ़ जैसे धार्मिक एवं हेरिटेज शहरों में हेरिटेज वॉक-वे निर्माण, किराडू के मंदिर समूह का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के कार्य, पुष्कर, खाटूश्याम जी, देशनोक, डिग्गी में मुख्य प्रवेश मार्ग को मॉडल के रूप में विकास सहित धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत हजारों वरिष्ठजनों को हवाई एवं एसी ट्रेन के माध्यम से तीर्थ यात्रा का लाभ दिया जा रहा है।

#### हमारी संस्कृति का स्वभाव - झुकते नहीं, टूटते नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का भव्य निर्माण हमें याद दिलाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है। हमारी संस्कृति का स्वभाव है कि हम झुकते नहीं, टूटते नहीं, बल्कि हर चुनौती के बाद और अधिक मजबूती से खड़े होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता, ईमानदारी, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान और राष्ट्रसेवा हमारी समृद्ध विरासत का हिस्सा हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने झारखंड महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण के लिए कामना की।

## ज्ञापन : छात्र रजत शर्मा मारपीट प्रकरण में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय विप्र फाउंडेशन जिला इकाई द्वारा छात्र रजत शर्मा के साथ हुई गंभीर मारपीट की घटना को लेकर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई एवं पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई गई। इस संबंध में जिला संरक्षक राजेंद्र जोशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने बताया कि 8 मई को रजत शर्मा निवासी भादरा, बस से मलसीसर गया था। अपनी यात्रा के दौरान बस में किराये को लेकर कंडक्टर से मामूली कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान भगवानराम नामक व्यक्ति ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए विवाद को बढ़ा दिया तथा अपने साथियों को बुलाकर रजत शर्मा के साथ लाठी एवं सरियों से बेरहमीपूर्वक मारपीट की गई। घटना में रजत शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार वर्तमान में हिसार अस्पताल में चल रहा है। विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों ने घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए कहा कि इस प्रकार की हिंसक घटनाएं समाज में भय का माहौल पैदा करती हैं तथा कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर धाराओं में कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान विप्र फाउंडेशन जिला संयोजक उमाशंकर महमिया, एडवोकेट सुशील जोशी, संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, अमृत जोशी, जिला मंत्री रमेश चौमाल, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, लखन शर्मा सहित विप्र फाउंडेशन के कई पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक के अपहरण का प्रयास, जान बचाकर भागा तो जमकर की मारपीट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना इलाके में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक का कार सवार बदमाशों ने अपहरण करने का प्रयास किया। लेकिन पीड़ित आरोपियों के चुगंल से भाग निकला। जिसके बाद कार सवार बदमाशों ने युवक को कुछ ही दूरी पर फिर से दबोच लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। जिसके बाद कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित जैसे-तैसे थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के खिलाफ मारपीट व लूट के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। एएसआई रामचन्द्र ने बताया कि थाना इलाके में स्थित रामपुरा रोड पर रहने वाला 21 वर्षीय रविवार अल सुबह करीब पौने पांच बजे घर से मॉर्निंग वॉक पर निकला था। रीको कांटे के पास एक तेज रफ्तार कार उसके पास आकर रुकी। जिसमें 5-6 लड़के नीचे उतरे और उसे पकड़कर जबरन मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान कुछ युवकों ने उसकी तलाशी ली और जबरन उसे कार में बैठाने लगे। आरोपियों ने खुद को किडनेपर बताया और फिरौती मिलने के बाद छोड़ने की बात कहीं। तभी पीड़ित हिम्मत जुटाते हुए आरोपियों को धक्का देकर भाग निकला।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आज शेखावटी विश्वविद्यालय में आएंगे



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 12 मई मंगलवार को शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर का दौरा करेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि राज्यपाल जयपुर से सुबह 10 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर से प्रस्थान कर 10:40 बजे तारपुरा एयरस्ट्रिप, सीकर पहुंचेंगे। इसके उपरांत प्रात: 10:45 बजे वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बागडे सुबह 11 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न भवनों का लोकार्पण एवं विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल बागड़े कार्यक्रम के पश्चात मध्याह्न भोजन विश्वविद्यालय अतिथि गृह में होगा। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बागडे दोपहर डेढ़ बजे तारपुरा एयरस्ट्रिप के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 1:50 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन श्री कल्याण धाम मंदिर के पास स्थित पशुपतिनाथ मंदिर शिवालय में जिला कलेक्टर आशीष मोदी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देश की गौरवशाली विरासत को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रात: 9 बजे रामलीला मैदान से कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होकर श्री कल्याण धाम मंदिर के पास स्थित पशुपतिनाथ मंदिर शिवालय पहुंची। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन में विशेष उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के मंदिर पहुंचने पर मंदिर के पुजारी शरद शर्मा द्वारा जिला कलेक्टर आशीष मोदी से विधिवत पूजा-अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने पशुपतिनाथ मंदिर में दुग्धाभिषेक कर पुष्प अर्पित किए तथा मंदिर की आरती में शामिल होकर देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। जिला कलेक्टर ने बताया कि सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनर्निर्माण



के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी शिवालय परिसर से किया गया।

कार्यक्रम से पूर्व नगर परिषद द्वारा स्वच्छता जागरूकता के तहत श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर परिषद के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शहर में सफाई कार्य किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरणमल, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, आरओ महेश योगी, एईएन नगर परिषद प्रवीण कुमार, सहायक पर्यटन अधिकारी आनंद, शारीरिक शिक्षक राजवीर सिंह शेखावत, मंदिर पुजारी सुरेश दाधीच सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकली कलश यात्रा

निसं



**फतेहपुर ( नवयत्न )।** सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को उपखंड स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन नगर परिषद एवं देवस्थान विभाग बुधगिरी मंढी के संयुक्त तत्वावधान में बुधगिरी मंढी परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होकर शिवालय पहुंची। यहां बुधगिरी मंढी के पीठाधीश्वर महंत दिनेशगिरी महाराज के सानिध्य में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान गुजरात में आयोजित मुख्य समारोह जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति प्रस्तावित रही, का सीधा प्रसारण भी श्रद्धालुओं को दिखाया गया। स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। मुख्य अतिथि श्रवण चौधरी एवं रामावतार रूंथला रहे। इस अवसर पर महंत दिनेशगिरी महाराज ने कहा कि इस पर्व का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवा पीढ़ी को देश के ऐतिहासिक एवं गौरवशाली मंदिरों की जानकारी देना है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व एवं उसके पुनर्निर्माण को राष्ट्र के स्वाभिमान का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में सूर्यनाथ महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज कुमार बाटड़, अशोक बोचीवाल, सुशील पंवार, पूर्व सरपंच जगदीश हिरणा, प्रमोद महारिया, ओमप्रकाश भड़िया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसएस मोदी विद्या विहार में उल्लासपूर्वक मनाया मातृ दिवस धात्री 2026 ममता की अविरल धारा


सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में शनिवार सायं मदर्स डे के उपलक्ष्य में धात्री 2026 ममता की अविरल धारा कार्यक्रम का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृत्व, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं मातृ पूजन से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्या अग्रवाल, एडीजे सीमा ढाका, डॉ नीलम केडिया, व्याख्याता सुनिता यादव ने बुद्धि प्रदाता भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने मातृत्व की महत्ता को नमन करते हुए सभी माताओं का अभिनंदन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समूह गीत के माध्यम से विद्यार्थियों ने माताओं के प्रति अपना प्रेम एवं सम्मान व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की सराहना की और अपने उद्बोधन में सभी माताओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डाले। आज चारों ओर पाश्चात्य संस्कृति का संक्रमण फैल चुका है। वह आधुनिकता किस काम की जो अपने संस्कारों से दूर कर दें। हम अपने देश हित के बारे में सोचे और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। यदि दूर नहीं रख सकते तो कम इस्तेमाल तो कर ही सकते हैं। विद्यालय सचिव नितिन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ के प्यार, त्याग और समर्पण को हम शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। माँ का प्यार निस्वार्थ होता है। वह अपने बच्चों की खुशियों के लिए अपनी इच्छाओं और सुखों का बलिदान कर देती हैं। वह हमारी पहली शिक्षक भी होती हैं। माँ हमें चलना, बोलना तो सीखाती है ही साथ में जीवन के मूल्यों की शिक्षा भी देती है। हमें अपने माता-पिता व बड़ों का सम्मान करना चाहिए। मातृ दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों और समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका संचालन अनिल शर्मा, पूनम, कविता, सोनिया एवं विद्यार्थियों में निधि, विभूति, मान्या, खुशी, अंचल, रिदम, कशिश और शशांक द्वारा किया गया। इन गतिविधियों में माताओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में आनंद और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। समारोह का मुख्य आकर्षण धात्री 2026 प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रतिभागियों ने आकर्षक रैम्प वॉक प्रस्तुत कर आत्मविश्वास एवं प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद




आयोजित विभिन्न राउंड्स में प्रतिभागियों ने अपनी कला, बुद्धिमत्ता एवं व्यक्तित्व का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। फाइनल राउंड में प्रतियोगियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ द्वारा प्रस्तुत विशेष गीत ने कार्यक्रम में भावनात्मक रंग भर दिए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। धात्री 2026 प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिक्षा क्षेत्र से ऐनी मसीह, डॉ नीलम केडिया, सुशिला दुबे ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में धात्री 2026 प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि सुभीता प्रथम, सविता मीणा द्वितीय और सुलोचना ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विजयी बनीं। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि मां का प्रेम, त्याग एवं समर्पण जीवन की सबसे अनमोल धरोहर है। उन्होंने कहा कि मातृ सम्मान केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि प्रत्येक दिन मां के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर धात्री 2026 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल व अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कोबरी-सार



# यूपीएससी में चयनित प्रीति जेवरिया का किया सम्मान



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के तातीजा गांव में यूपीएससी में चयनित प्रीति जेवरिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर आईपीएस पीआर जेवरिया थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवीर सिंह काला ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीआर जेवरिया ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वह अपने कौशल व दक्षता का परिचय देते हुए अपने माता-पिता व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। वर्तमान समय में सेना व पुलिस में अधिकारी बनकर बेटियां कंधों से कंधा मिलाकर अपने फर्ज निभा रही हैं।

ऐसे में समाज को अब अपनी धारणा को बदलना चाहिए तथा बेटा और बेटी के फर्क को बुलाकर सम्मानता का अधिकार देना चाहिए। पहले के समय में पुराने विचारों के आदमी होने के कारण बेटियों को पूर्ण रूप से आजादी नहीं मिल पाती थी लेकिन अब बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमजोर नहीं है तथा हर क्षेत्र में अपना कौशल दिखा रही हैं। बेटियों को पढ़ाई के लिए अधिक से अधिक प्रेरित कर उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। इस दौरान प्रीती ने अपने अनुभवों को युवाओं के साथ साझा किया और युवाओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठोर मेहनत करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से प्रीति जेवरिया का माला व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर पूनम बोछवाल, अर्जुन बोछवाल, शेर सिंह जेवरिया, रामावतार जेवरिया, सत्यनारायण जेवरिया, शिवकुमार जेवरिया, धूड़ाराम जेवरिया, महेंद्र, भूराराम, थावरमल, गिरधारी लाल, छोटे लाल, राजेंद्र, पीयूष, अजय, संजय, महेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** युवा भारतीय स्टेडियम में आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रिकेट प्रेमी विक्रम शर्मा, स्टेडियम प्रभारी लाभचंद सोनी तथा आयोजन समिति के सदस्य अनिल देवड़ा, प्रियांशु शर्मा व राहुल स्वामी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स राजलदेसर और राठौड़ क्लब लुणासर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राठौड़ क्लब लुणासर ने निर्धारित 10 ओवर में 106 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजलदेसर टीम 84 रन ही बना सकी। इस प्रकार लुणासर टीम ने 22 रन से मुकाबला अपने नाम किया। आयोजन समिति के प्रियांशु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 18 मई को खेला जाएगा। विजेता टीम को 41 हजार एवं उपविजेता टीम को 25 हजार की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं मैन ऑफ द सीरीज को 3100 नकद व ट्रॉफी दी जाएगी। इसके अलावा बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट गेंदबाज को भी ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# फिल्टर पानी यूनियन की बैठक आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में रविवार देर शाम फिल्टर पानी यूनियन के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूनियन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 1 जून से पानी के एक कैंपर की दर 30 रुपये निर्धारित की जाएगी। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है तथा इसका पालन सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि जो कोई भी निर्धारित दर का उल्लंघन करेगा, उससे दंड स्वरूप 11000 की राशि वसूल की जाएगी। इसके अलावा पानी सप्लाई व्यवस्था एवं अन्य संगठनात्मक विषयों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अशोक सिंह, श्रवण कुमार सैनी, सुरेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, घनश्याम प्रजापत, अंकित पारीक, श्याम सैन, राम पारीक सहित यूनियन के कई सदस्य मौजूद रहे।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व धूमधाम से सम्पन्न



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** नगर के मठशिव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भाजपा नेता विष्णु चुलेट व युवा विकास मंच अध्यक्ष आर्यन पारीक ने कहा ऐसे धार्मिक आयोजन हर मंदिरों में होने चाहिए जिससे लोगों में भक्ति की भावना जागृत हो। कार्यक्रम में तहसीलदार महेश ओला द्वारा भगवान शिव का विधिवत पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक किया गया। वहीं महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर मंदिर परिसर में पहुंची। इस अवसर पर मुकेश कुमावत, सोहनलाल, मनोज, जयप्रकाश एवं पंकज शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों ने माहौल को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

# जटिल सर्जरी कर वृद्ध महिला की आंखों की रोशनी लौटाई

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय बगड़िया उपजिला अस्पताल में आंखों का दिव्यांग प्रमाण-पत्र रिन्यू करवाने पहुंची 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला को आंखों को नई रोशनी मिल गई। बुजुर्ग महिला का दृष्टिहीन का 100 प्रतिशत प्रमाण-पत्र बना हुआ था। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एनआर प्रजापत ने जटिल नेत्र सर्जरी कर बुजुर्ग रोगी महिला की आंखों की रोशनी पापस लौटा दी। महिला आंखों से देखकर भावुक हो गई। डॉ प्रजापत ने बताया कि जोगलसर की मंगलीदेवी करीब 10 वर्षों से रोशनी खो चुकी थी। एक आंख पहले से खराब थी। दायीं आंख भी पूरी तरह से खराब होने से अंधों जैसी जिन्दगी हो गई थी। डॉ प्रजापत ने जांच की तो महिला की आंख में मोतियाबिंद के साथ सेंट्रल कॉर्नियल ओपेसिटी व ट्रॉमेटिक कैटरेक्ट जैसी गंभीर समस्या सामने आई। करीब एक घंटे चले जटिल ऑपरेशन में मोतियाबिंद हटाकर कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपित किया। टीम में नेत्र सहायक चुनीलाल, नर्सिंग अधिकारी विक्रम, मनोहरलाल व सुमन शामिल रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुजानगढ़ द्वारा ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025-26 का आयोजन 13 मई को राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। जिसमें सत्र 2025-26 में सुजानगढ़ ब्लॉक के सबसे अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी (प्रत्येक केटेगरी में एक) तथा राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12 में 90 या 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही जिन विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मानित होंगे, उन विद्यालयों के संस्था प्रधानों का भी सम्मान किया जाएगा।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशों पर मोटीवेटिंग मंडे थीम के तहत विधिक जागरूकता कैम्प राजकीय रामकुमार भराड़िया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

संस्था प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा, सरीता सारण के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में मंजु मुंदड़ा, श्याम सुंदर स्वामी, एडवोकेट तिलोक चन्द मेघवाल अतिथि रूप में उपस्थित रहे। शिविर में बाल विवाह निषेध, घरेलू हिंसा निषेध, स्थाई लोक अदालत, विधिक सेवाओं, नालसा योजनाओं आदि की जानकारी दी गई। पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बच्चों को बताया की 1098 बच्चों की हेल्प लाईन है, जिस पर बाल विवाद रोकने आदि किसी तरह की सहायता के लिए फोन किया जा सकता है। 181 नं. राजस्थान संपर्क पोर्टल का टोल फ्री नंबर है जिस पर राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों से जुड़ी व्यक्तिगत व जन समस्या के समाधान के लिए परिवाद दर्ज कराया जा सकता है। देशभर में तालुका, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर विधिक सेवा इकाइयां काम कर रही हैं जो संविधान की मूल भावना को साकार करने हेतु न्याय सबके लिए हेतु प्रतिबद्ध हैं। संस्था प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा ने कहा कि अधिकार से पहले कर्तव्य आता है। हमारे कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के लिए हम जागरूक हों। एडवोकेट तिलोक चन्द मेघवाल ने विभिन्न जन कल्याणकारी व नालसा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा, पढ़ाई हमारी वो कमाई है जो पूरे जीवन काम आती है। मजदूर कार्ड योजना, पीएम बीमा योजना, छात्रवृत्ति योजना का लाभ पात्रतानुसार जरूर लेना चाहिए। जिन्हें किसी तरह के इलाज की जरूरत है वो सरकारी जोधपुर एम्स हॉस्पिटल का लाभ लेने जागरूक हों। साथ ही जो मामले राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा आपसी सहमति से हल हो सकते हैं, तो जरूर हल कराने चाहिये।

# मूर्तियों की मांग को लेकर धरना आठवें दिन भी जारी




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के समर्थन में चल रहा धरना लगातार आठवें दिन सोमवार को जारी रहा। गांधी चैक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचन्द्र की मूर्तियां लगवाने की मांग को लेकर नगरपरिषद के बाहर चल रहे धरने पर लोगों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। धरने पर निर्वतमान पार्षद इकबाल खां कायमखानी, तरूण सियोता, बिलाल, मुकेश गोयल आदि लोग मौजूद रहे। दूसरी ओर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी बीदासर, राजस्थान वेलफेयर सोसाइटी जिला उपाध्यक्ष राजेश लोहिया, पंकज गुसाईवाल, संजय लोहिया, एडवोकेट गोविंद मेघवाल आदि पहुंचे और धरने को अपना समर्थन दिया।

# रफीक राजस्थानी का हुआ जयपुर में सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के गीतकार रफीक राजस्थानी को समग्र नेशनल आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जयपुर जवाहर कला केंद्र में आयोजित इस प्रोग्राम में रफीक राजस्थानी को यह सम्मान प्रदान किया गया। समग्र विकास संस्थान जयपुर के समग्र नेशनल आईकन अवार्ड 2026, सीजन 4 के इस प्रोग्राम में राजस्थान के ही नहीं बल्कि पूरे देश के अलग-अलग जिलों और राज्य के चुनिंदा कलाकारों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों को समानित किया गया।

# ज्ञापन : पंचायत की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत मेलूसर बीकान द्वारा जारी किए गए नोटिसों को निरस्त करवाने की मांग को आरएलपी के बैनर तले ग्रामीणों ने नेता सांवरमल जाखड़ और किसान नेता रूपचंद सारण के नेतृत्व में विकास अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राजास निवासी श्रवण कुमार जाट ने पंचायत पर राजनीतिक द्वेषभावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत मेलूसर बीकान की ओर से वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के तहत अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें पंचायत भूमि पर अतिक्रमण, इंटरलॉक उखाड़कर घर में रखने तथा गली में गेट लगाने के आरोप लगाए गए हैं।

प्रार्थी श्रवण कुमार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उसका परिवार पिछले करीब 50 वर्षों से उक्त भूमि पर निवास कर रहा है। उन्होंने बताया कि भूमि संबंधी दस्तावेज व साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए पूर्व में समय भी मांगा गया था लेकिन पंचायत द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित भूमि का पट्टा बनवाने के लिए तीन बार आवेदन किया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके विपरीत पंचायत द्वारा बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रार्थी ने जिला कलेक्टर से ग्राम पंचायत की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने तथा रिहायशी भूमि में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने के निर्देश देने की मांग की है। इस दौरान रुपचन्द सहारण, सांवर मल जाखड़, धिरैन्द्र सैनी, श्रवण भादू, नौरंग लाल जाट, देवीलाल भादू, रोहिताष, सोनू, सत्यनारायण, महावीर कड़वासरा आदि लोग मौजूद रहे।

# किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीज एवं प्राकृतिक खेती की दी जानकारी




निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय की अधीनस्थ इकाई कृषि विज्ञान केंद्र अरणिया द्वारा ग्राम कल्याणपुरा में ग्राम कृषि महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केवीके अरनिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ शंकर कसवा ने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत किस्मों, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीकों तथा मौसम आधारित कृषि कार्यों की जानकारी दी। साथ ही किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ बलवीर सिंह बधाला ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा राजस्थान एवं भारत सरकार की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ मीरा चौधरी ने खरीफ फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं बीमारियों की पहचान, रोकथाम एवं समेकित प्रबंधन उपायों की जानकारी दी। रामावतार मिश्रा ने प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि पर्यवेक्षक दामोदर सहित लगभग सैकड़ो किसानों ने भाग लिया। किसानों ने वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों तक नवीन कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं वैज्ञानिक जानकारी को गांव स्तर तक पहुंचाना रहा।

# समर्पण दिवस समागम कल

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सुभाष मार्केट स्थित जैन मंदिर में बुधवार को संत निरंकारी मंडल शाखा कॉपर के सौजन्य से निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में समर्पण दिवस समागम मनाया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक घनश्याम दास ने बताया कि बुधवार सुबह दस बजे से एक बजे तक जैन मंदिर में निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में समर्पण दिवस समागम मनाया जाएंगे, जिसमें दांता के महात्मा भँवर लाल प्रवचन देंगे। समागम में बुहाना, खेतड़ी व कॉपर ब्रांच के संत जन भाग लेंगे। सत्संग के पश्चात प्रसाद वितरण किया जायेगा।

# ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय निवासी बसंत कुमार बोरड़ ने एएसपी सतपालसिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि शहर की स्टेशन रोड पर पिछले कई सालों से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। यह रोड शहर की सबसे महत्वपूर्ण रोड है, जो शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से जोड़ती है।

रोड के बीच राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल भी है। साथ ही कई स्कूलों और मंदिर सहित कई महत्वपूर्ण स्थान भी है। बोरड ने ज्ञापन में लिखा है की घंटाघर से रवाना होकर अस्पताल होते हुए रामपुरिया कॉटेज की छोटी सी दूरी तय करने में किसी भी वाहन चालक को 15 से 20 मिनट लग जाते हैं। कई बार यहां जाम लग जाने से और भी ज्यादा समय लगता है। इसका कारण ये है कि घंटाघर के पास स्थित धनलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स और शराब के ठेके के पास और इसके बाद बगड़िया अस्पताल के पास सैकड़ों बाइक लोग रास्ते पर खड़ी कर देते हैं।

जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। क्षेत्र में रास्ते के दोनों तरफ वाहन खड़े करने की रोकटोक नहीं होने के कारण पूरी रोड की ट्रैफिक व्यवस्था खस्ताहाल है। इसलिए इस रोड पर प्रमुख जगह नो पार्किंग जोन घोषित करवाने के साथ ही रोड पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि इस रोड की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो सके।

साथ ही बगड़िया अस्पताल के पहले रामपुरिया कॉटेज से नया बाजार होते हुए बड़े वाहनों की एंट्री एक तरफा यातायात में बदल दी जाए तो समस्या का हल संभव हो सके।

# त्रिवेणी धाम निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर में अब पिता-पुत्र देंगे सेवा

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रिवेणी धाम में अब चिकित्सा सेवा की परम्परा को एक नई ऊर्जा मिलने जा रही है । पिछले 25 वर्षों से त्रिवेणी धाम में निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं दे रहे देश के जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉ अंजनी कुमार शर्मा के साथ अब उनके सुपुत्र डॉ प्रांचल शर्मा भी जुड़ गए हैं। पिता-पुत्र की यह सेवाभावी जोड़ी अब हर महीने के दूसरे रविवार को लगने वाले निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का उपचार करेगी। त्रिवेणी धाम पुस्तकालय के महेश शर्मा ने बताया कि डॉ अंजनी कुमार शर्मा वर्षों से मरीजों को निःस्वार्थ भाव से चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। अब उनके सुपुत्र न्यूरो सर्जन डॉ प्रांचल शर्मा भी नियमित रुप से अपनी सेवाएं देंगे जिससे आसपास क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों को बेहतर उपचार का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि त्रिवेणी धाम में लगने वाले शिविर में मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं भी वितरित की जाएगी।

# डॉक्टर बनने पर शिवानी घारू का किया अभिनंदन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वाल्मीकि समाज की होनहार बेटी डॉ शिवानी घारू के एमबीबीएस क्लीयर होकर सुजानगढ़ आगमन पर वाल्मीकि सेवा समिति द्वारा राजकीय विद्यालय नम्बर 6 में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया।

आयोजन में रतनलाल चांवरिया, सजंय आर्य, रेवन्त मल पंवार, गंगाधर लाखन, विश्वनाथ बारवासा, सुखदेव सियोता, दिलीप धवल, दीनदयाल सियोता, राजेश सुंगत, तिलक राज घारू, सुरेंद्र सुंगत, प्रधानचार्य रिंकू सोनी, रेवन्त सियोता, सन्तोष सियोता, हरिशंकर सियोता, कालू सारवान, अमित पंवार, विनोद सुंगत मौजूद रहे, जिन्होंने डॉ शिवानी का स्वागत किया।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सोमनाथ मंदिर पर बाहरी आक्रांताओं की 1000 वी वर्षगांठ तथा सरदार पटेल द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में यह पर्व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनाया जा रहा है। प्राचार्य डॉक्टर रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को भारत की संस्कृति, उसके आध्यात्मिक महत्व राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए जागरूक किया। इतिहास की सहायक आचार्य दीपा भाटी ने विद्यार्थियों को सोमनाथ मंदिर उसके सांस्कृतिक महत्व, भारतीय इतिहास में मन्दिर पर हुए आक्रमण तथा इस ज्योतिर्लिंग के प्रति लोगों की आस्था के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के संचालक महेश गोदारा ने उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ. रामकिशन चौधरी, विशाल सगतानी, सुमित्रा देवल, नरेंद्र बैरवा तथा छात्र पूनम हुड्डा, राहिल आदि उपस्थित रहे।

## तीन माह बाद शुरू हुआ नाली निर्माणए, अनियमितता के आरोप



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** चनाना गांव में सीसी सड़क बनने के करीब तीन महीने बाद अब नाली का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। लोगों का आरोप है कि निर्माण मापदंडों के अनुसार नहीं हो रहा है। नाली निर्माण में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। क्षेत्र के दुकानदारों का कहना है कि नालियां टेढ़ी-मेढ़ी और बिना लेवल के बनाई जा रही हैं। इससे गंदे पानी का बहाव रुकने की आशंका है। आकाश, विजेंद्र नेहरा, बलबीर नेहरा सहित दुकानदारों ने नाली निर्माण की जांच कराने और तय मापदंड के अनुसार काम कराने की मांग भी की है। दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि पहले तो बिजली निगम ने सड़क सीमा में लगे बिजली पोल समय पर शिफ्ट नहीं किए और अब जहां शिफ्ट किए गए वहां पहले से नाली बनाना प्रस्तावित है। जलदाय विभाग पर भी सड़क किनारे पेयजल सप्लाई लाइन बिछाने में देरी का आरोप लगाया गया है। पीडब्ल्यूडी पर भी सड़क का काम बीच में ही छोड़ने का आरोप लगाया है। इससे सड़क बनाने के लिए हटाई गई मिट्टी मुख्य मार्ग में बाधा बन रही है।

## ग्राम रथ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** पंचायत समिति तारानगर की ग्राम पंचायत खरतवास में ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनियां ने कहा कि ग्राम रथ अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-ढाणी में बैठे पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए तभी अभियान का उद्देश्य सफल होगा। विकास अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों, कृषि नवाचारों तथा ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को किलीपुरा, पुनसीसर, भाड़ंग और डाबड़ी बड़ी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत करणपुरा, झांझनी एवं भामरा में भी ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक ग्राम रथ का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरदत्त सहारण, परतूराम धाणक, बिशनाराम नायक, दयाराम नायक, शेराराम धाणक, हरदत्त नैण, हनुमान सुथार, आनंदसिंहपुरा प्रशासक सरोज देवी, मेघसर प्रशासक जीवणराम, प्रशासक चन्द्रशेखर कस्वां, कनिष्ठ सहायक शिव कुमार, ग्राम विकास अधिकारी टीकूराम मीणा, शालू, मानेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने किया।

## शादी की सालगिरह पर अनूठी पहल: पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे




निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती गांव खुडेरा बड़ा में सरजीत सिंह शेखावत की शादी की सालगिरह पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा कि पक्षियों के लिए परिंडा लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य है और यह हम सब का कर्तव्य है कि पक्षियों के पीने का पानी कार्य सभी करें। इस शुभ अवसर पर सरजीत सिंह को दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं देता हूँ। इस अवसर पर महेंद्र सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच सोहन लाल, रमेन्द्र सिंह चारण, रघुवीर सिंह, छगन लाल, मुकेश शर्मा, निरंजन कुमार, रामेश्वर लाल, बाबूलाल प्रजापत, जीवन राम भगत, मानाराम पूनिया, चतर सिंह खुडेरा छोटा, मुखाराम, बीरबल राम, गोविन्द सिंह भाटी, नंदू सिंह, शंकर लाल भगत, सरजीत सिंह आदि साथ रहे।

कार्यक्रम में 500 से अधिक परिंडे लगाए गए एवं प्रतिदिन उसमें पानी डालने का संकल्प लिया।

## श्रीश्याम वाटिका धाराजी में शांति के प्रतीक कबूतरों के पांच मंजिला आवास का कार्य पूर्ण



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जीव सेवा समिति अजीतगढ़ के अथक प्रयासों एवं भामाशाहों-दानदाताओं के सकारात्मक सहयोग से श्रीश्याम वाटिका धाराजी में शांति के प्रतीक कबूतरों के प्रस्तावित आवास के लिए 19 मार्च 2026 चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नववर्ष के शुभारंभ पर विधि-विधान एवं पूजा अर्चना के साथ धरती पूजन सहित निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया गया था। जिसमें त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 रामरिछपालदास महाराज, वयोवृद्ध 98 वर्षीय शिक्षाविद् सूरजमल शिखवाल, वयोवृद्ध शिक्षाविद् घनश्याम पारीक, डॉ मंगल यादव, जीव सेवा समिति की कार्यकारिणी के समस्त सदस्यगण, गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक गोविन्द नारायण शर्मा एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे थे। इस शांति के प्रतीक कबूतरों के साढ़े सात मंजिला आवास में 720 फ्लैट्स बनेंगे। यह आवास तकरीबन साढ़े सात मंजिला बनेगा जिसमें हर मंजिल पर 120 आवासीय फ्लैट्स यानि कुल 720 आवासीय फ्लैट्स बनेंगे। हर मंजिल का खर्च 75 हजार-80 हजार के करीब आएगा। कुल खर्च तकरीबन 5 लाख 50 हजार के करीब आएगा। वर्तमान स्थिति यह है कि पांच मंजिल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और ढ़ाई मंजिल का कार्य बाकी है। जीव सेवा समिति के अध्यक्ष महेश दीवान ने बताया कि शांति के प्रतीक कबूतरों के इस आवास का कार्य दानदाताओं एवं भामाशाहों के पूर्ण सहयोग एवं योगदान से ही सम्भव हो पाया है।

जीव सेवा समिति अजीतगढ़ के प्रस्तावित आवास का सपना अब पूरा होने को है। सपना पूरा होने के बाद इस आवास में एक-साथ लगभग 4 हजार पक्षी एक साथ अपना बसेरा कर सकेंगे। इस आशियाने नुमा आवास में पक्षियों को कोई जान-माल का संभावित खतरा भी नहीं रहेगा क्योंकि आवास बिल्कुल चाक-चौबंद दुरुस्त बन रहा है।

## आर्य समाज की जिलास्तरीय बैठक आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के उप प्रधान देवेन्द्र शास्त्री ने कहा है कि आर्य समाज वेद, राष्ट्र और महर्षि दयानंद को समर्पित विश्वव्यापी संगठन है। प्रत्येक आर्य को इसकी मुहिम को आगे बढ़ाना चाहिए। वे यहां आर्य समाज मंदिर लाडनूं में आयोजित आर्य उप प्रतिनिधि सभा नागौर व डीडवाना-कुचामन जिला की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग आर्य समाज में घुस जाते हैं और फिर संस्था में विवाद पैदा कर उसे बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों की छंटनी भी जरूरी है। बैठक में देवेन्द्र शास्त्री व गजेन्द्र परिहार के अलावा मोहनलाल दिलोया, मुनि ओमदास, जगदीश यायावर, सीताराम तांडी, जवाहर लाल वैष्णव, सुरेंद्र सिंह, भूरा राम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में मुख्य रूप से आर्य समाज लाडनूं से सम्बंधित विवाद और उसको को निपटाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया तथा इससे सम्बंधित प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान, जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा और आर्य समाज लाडनूं की ओर से संयुक्त रूप से दो पूर्व पदाधिकारियों के विरुद्ध उनके गलत कार्यों व नीतियों को लेकर सर्व सम्मति से निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रधान जगदीश यायावर, उप प्रधान वेद प्रकाश आर्य, मन्त्री महावीर प्रसाद, कोषाध्यक्ष मेघदास, प्रचार मन्त्री दयानन्द आर्य, हिसाब निरीक्षक डॉ राजेन्द्र सिंह आर्य, पुस्तकालयाध्यक्ष अनोपचंद सांखला, यज्ञ प्रभारी तारा आर्य एवं कार्यकारिणी सदस्य ओम मुनि, बीरमाराम, सुबोधचंद आर्य, सुमित्रा आर्य व सुरेन्द्र प्रताप आर्य आदि उपस्थित रहे।

## पेयजल संकट को लेकर जलदाय विभाग के कर्मचारियों से मिले



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जलदाय विभाग के एईएन दिनेश गोदारा से वार्ड 8 के पार्षद प्रतिनिधि डॉ महेन्द्र संचेती व वार्ड प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर वार्ड की जल समस्या से अवगत कराया। वार्ड में सेफराज मंदिर के पीछे की गली, विद्याभवन स्कूल के पास, मरोठी कुँए से नरसी गौड़ के घर के पास, मरोठी चौक से गांधी चौक के बीच व पीछे कैलाश पारीक वाली गली में पानी न आने की समस्या है। एईएन गोदारा ने आश्वासन दिया कि दो चार दिन में समस्या का हल कर दिया जाएगा। वार्डवासियों ने कहा कि अगर हल नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में डॉ महेन्द्र संचेती भंवर गोयल, लूणकरण मरोठी, नंदकिशोर, नरसी गौड़ आदि शामिल थे।

## भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत, समाजसेवी चारण टैंकरों से पहुंचा रहे पेयजल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गर्मी का सीजन शुरू होते ही तारानगर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट शुरू हो गया है जिससे लोग परेशान है। शहर के वार्डों में जंहा 2-3 दिन के अंतराल से पानी सप्लाई हो रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 4-5 रोज से पानी आ रहा है जिस कारण लोगों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है और लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कम प्रेशर व अपर्याप्त पानी के कारण लोगों की पेयजल पूर्ति नहीं हो रही। बूस्टर



लगाने से आगे के घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता है। अनेक लोगों ने अपने घरों में बोरिंग करवा रखी है लेकिन जमीन से खारा पानी निकलने के कारण वो पीने के काम नहीं आ रहा है। पेयजल किल्लत के चलते लोग महंगे दामों में टेकरों से पानी मंगवाकर अपनी प्यास बुझा रहे है। कस्बे की झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के सामने तो गर्मी में पेयजल संकट बहुत गहरा गया है। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों की भीषण गर्मी के मौसम में विकट हालत को देखते हुए समाजसेवी अमरसिंह चारण की प्रेरणा से सुभाष गुरुकुल तारानगर के निदेशक सुभाष चारण की ओर से 1 दिन के अंतराल से वंहा टैंकर भेजकर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। झुग्गी झोपड़ी में पेयजल वितरण में युवादल के मुकेश फगेड़िया, पूर्ण सरोहा, निशांत स्वामी, कैलाश भाटी, सुनील, अनिल आदि कार्यकर्ता भी सहयोग कर रहे है। समाजसेवी चारण ने बताया कि झुग्गी झोपड़ी में पेयजल टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था गर्मी के मौसम तक निरन्तर जारी रहेगी ताकि गर्मी के मौसम में कोई प्यासा न रहे।



## संस्कृत विद्यालय के 246 विद्यार्थियों को टी-शर्ट वितरित

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम मूंडरू स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में प्रधानाचार्य बनवारी लाल मीणा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों को टीशर्ट वितरित की गई। शिक्षक रणवीर सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा माया सैनी तथा उसके पति सुखराम सैनी नया गांव फुलेरा ने 246 विद्यार्थियों को टीशर्ट वितरित की। 246 विद्यार्थियों को टीशर्ट मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी, गंगाराम सैनी, विकास सैनी, राजकुमार सैनी, नागरमल गुप्ता, नंदसिंह शेखावत, वैभव शर्मा, रतन लाल शर्मा, बद्री प्रसाद सैनी, विक्रम सैनी, दिनेश सार्दुल, हेमराज सैनी, रामसिंह शेखावत, गीगाराम सैनी सहित ग्रामीणों व विद्यालय स्टाफ ने भामाशाह सुखराम सैनी व पूर्व छात्रा माया सैनी का सम्मान किया।

## बिन मां-बाप के बच्चों के सरकारी दस्तावेज बनवाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अमृता चौधरी, एडवोकेट तिलोकचंद मेघवाल, भंवरी देवी ने सुजानगढ़ के अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दो यतीम बच्चों के माता-पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,, जन आधार कार्ड बनवाने के आदेश दिए जाने की गुजारिश की है। डॉ अमृता ने एडीएम को ज्ञापन सौंपते वक्त एडीएम संतोष कुमार को बताया कि बडाबर के माया 8 व मुकेश 2वर्ष 2 माह जो कि स्व. हड़मानाराम व स्व. चैनकी की संतानें हैं। बच्चों के माता-पिता का देहांत हो चुका है, जिसके कारण बच्चों को काफी संकट का सामना करना पड़ रहा है। अत: मानवता का फर्ज निभाते हुए दोनों बच्चों के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, माता-पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के आदेश दिए जावें। साथ ही बच्चों को पालनहार सहित अन्य समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ दिये जाने व इसनके लिए नि:शुल्क दवाएं दिलवाने की व्यवस्था की जावे।

## स्कूल में लगा वाटर कूलर, गर्मी में बच्चों को मिलेगी राहत



निसं

राजलदेसर (नवयत्न)। कस्बे में भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थियों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए राजलदेसर युवा विकास समिति की प्रेरणा से प्रमोद पारीक की स्मृति में रतनगढ़ निवासी नागरमल-मोतीलाल पारीक परिवार द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खाकी धोरा में वाटर कूलर भेंट किया गया। वाटर कूलर का लोकार्पण सोमवार सुबह 10 बजे पंडित बृजेश दाधीच के मंत्रोच्चार के साथ निरंजन पारीक, जगदीश प्रसाद पारीक एवं कैलाश चंद्र पारीक द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर राजलदेसर युवा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने पारीक परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को शीतल जल उपलब्ध करवाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। समिति सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नगराज प्रजापत ने राजलदेसर युवा विकास समिति एवं पारीक परिवार रतनगढ़ का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय में वाटर कूलर लगने से बच्चों को गर्मी के मौसम में बड़ी राहत मिलेगी तथा स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुलभ हो सकेगी। कार्यक्रम में पूनमचंद गर्ग, मंत्री विनोद भाटिया, संरक्षक रतनलाल बारूपाल, मदन दाधीच, कन्हैया लाल सोनी, सीताराम गर्ग, एडवोकेट जगदीश बालानिया, श्रवण सैनी, अध्यापक विजयपाल घिंटाला, अकाउंटेड दीपक मारु सहित समिति के कई सदस्य व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रतिभा, शिक्षक व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाछड़सर में प्रतिभा सम्मान, शिक्षक सम्मान व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ चेतन चौहान ने की। मुख्य अतिथि गौऋषि चन्द्रमादास महाराज महन्त हनुमानगढ़ी अयोध्या व मुख्य भामाशाह वैद्यराज भोमराज जाखड़ थे। इस कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही छात्राओं का व शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। विद्यालय को आर्थिक सहयोग देने वाले सभी भामाशाहों का साफा, माला व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य भामाशाह वैद्यराज भोमराज जाखड़ द्वारा निर्मित प्रधानाचार्य कक्ष व माँ सरस्वती मंदिर का उद्घाटन चन्द्रमादासजी महाराज के कर कमलों से किया गया। 21 लाख की राशि से बनने वाले दो कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया गया। भामाशाह ने इस विद्यालय को गोद लेकर भविष्य में इसे और आर्थिक



मदद करने का आश्वासन दिया। भामाशाह द्वारा खुले मन से इस विद्यालय को किए गए सहयोग के लिए जाखड़ परिवार का सम्मान किया गया। जिसमें कुम्भाराम जाखड़, पार्वती देवी, वैद्यराज भोमराज जाखड़, ताराचन्द जाखड़, रामनिवास जाखड़ को अभिनंदन पत्र, मोमेंटो, शॉल व साफा पहनाकर सम्मान करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गाँव के गणमान्य नागरिकों में भजनदास स्वामी भूतपूर्व सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि गोपालराम सहू, मालाराम भाकर, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि श्रवण कुमार सहू, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, भूतपूर्व पंचायत समिति सदस्य तिलोक चन्द बिस्सू, निराणाराम बिस्सू, सुरजाराम जांगू, पन्नालाल जांगू, महेन्द्र सिंह रेपस्वाल, सहीराम धेतरवाल, कन्हैयालाल चौमाल, सुभाष चन्द्र मीणा, राजेन्द्र शर्मा, सुनील कस्वा, सुनील कुमार कुमावत, दीपचन्द सुवा, सूरजभान, ओमप्रकाश शर्मा, रामनिवास कस्वा, पूनम जाखड़, सरोज चौधरी, अनीता बोहित, नीलम, सोनिका आदि गाँव के गणमान्य नागरिक व शिक्षक मौजूद थे। विद्यालय में प्रेरणा से विद्यालय में मां सरस्वती मन्दिर का निर्माण करवाकर आज उद्घाटन किया । डॉ चेतन चौहान ने भामाशाहों को प्रेरित कर अब तक पांच कक्ष कक्षा-कक्षों की राशि प्राप्त कर ली एक कमरे की राशि तो पहल करके स्टाफ से ही प्राप्त कर ली। कुल मिलाकर इनके कार्य काल में पचास लाख का कार्य हो ने जा रहा है। इस अवसर पर निराणाराम बिस्सू ने 51 हजार रूपये व बनावरी लाल सारण ने 11 हजार रूपये नकद दिये।

अन्त में प्रधानाचार्य डॉ चेतन चौहान ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया व संचालन शंकरलाल मीणा ने किया।

## सम्पादकीय

# केरलम में देरी



केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे यानी यूडीएफ को स्पष्ट बहुमत मिलने के एक सप्ताह बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय करने को लेकर कोई फैसला न हो पाना पार्टी नेतृत्व की दुविधा और कमजोरी को ही बयान करता है। यदि राज्य में मुख्यमंत्री चयन में और अधिक देरी होती है तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच असमंजस बढ़ने के साथ उनके उत्साह में तो कमी आएगी ही, नेताओं और विशेष रूप से विधायकों के बीच गुटबाजी को भी हवा मिलेगी।

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि मुख्यमंत्री पद के दावेदारों वीडी सतीशन और रमेश चेन्निथला के समर्थकों के बीच एक तरह का शक्ति प्रदर्शन शुरू हो गया है। ऐसा शक्ति प्रदर्शन कई बार कलह में तब्दील हो जाता है और उसका दुष्प्रभाव पूरी पार्टी पर पड़ता है। यह ध्यान रहे कि हाल के विधानसभा चुनावों में केवल केरलम में ही कांग्रेस अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन कर पाई है।

बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में उसे निराशा ही हाथ लगी है। यह मानने के अच्छे भले कारण हैं कि केरलम में मुख्यमंत्री के चयन में इसलिए देरी हो रही है, क्योंकि कांग्रेस नेतृत्व और विशेष रूप से राहुल गांधी पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहे हैं। कोई भी दल हो, मुख्यमंत्री चयन में आलाकमान को अपनी पसंद थोपने के स्थान पर विधायकों की राय को प्राथमिकता देने के साथ समर्थकों के मूड-मिजाज को भांपना चाहिए। जो दल ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं, वे राजनीतिक नुकसान ही उठाते हैं। हो सकता है कि केरलम के कुछ विधायक केसी वेणुगोपाल को भी मुख्यमंत्री पद पर आसीन होता देखना चाह रहे हों, लेकिन तथ्य यह है कि वे तो विधानसभा चुनाव ही नहीं लड़े थे।

उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का यह कोई उचित अथवा लोकतांत्रिक आधार नहीं हो सकता कि वे राहुल गांधी के विश्वासपात्र हैं। यदि मुख्यमंत्री चयन में विधायकों और समर्थकों की राय की अनदेखी करने की कोशिश की जाएगी तो फिर सहयोगी दल भी अपनी राय थोपने की चेष्टा करेंगे। केरलम में मुख्यमंत्री चयन में देरी इसलिए अधिक ध्यान खींच रही है, क्योंकि चुनाव वाले अन्य राज्यों और यहां तक कि त्रिशंकु विधानसभा वाले तमिलनाडु में भी मुख्यमंत्री तय हो गया। केरलम में मुख्यमंत्री पद के चयन में जितनी अधिक देरी होगी, इस पद के दावेदारों के बीच खींचतान उतनी ही बढ़ेगी। यह खींचतान इस निर्देश से थमने वाली नहीं है कि मुख्यमंत्री पद के दावेदारों के समर्थक किसी तरह की टीका-टिप्पणी अथवा अभद्र व्यवहार न करें। केरलम में मुख्यमंत्री के चयन में जो देरी हो रही है, उससे यह भी नए सिरे से रेखांकित हो रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व समय पर फैसले नहीं ले पाता।

## विशेष आलेख

# पंजाब की राजनीति में वार-पलटवार का दौर



'आप' शासित पंजाब में चुनावी तैयारी के मद्देनजर भाजपा अपने हथियारों को धार देने में लगी है। वैसे भी प. बंगाल जीत के बाद उसके हौसले बुलंद हैं। वहीं 'आप' की चुनौती पंजाब का गढ़ व राष्ट्रीय राजनीति में हैसियत बचाना है। यह भी कि कभी सहयोगी रहे शिरोमणि अकाली दल और भाजपा को एक-दूजे की जरूरत है।

पंजाब की भाजपा इकाई ने गत शुक्रवार शाम चंडीगढ़ के एक पांच-सितारा होटल में पश्चिम बंगाल चुनावों में मिली जीत का जश्न मनाया। ऐसे समय, जब बमुश्किल एक दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने चंडीगढ़ के ठीक बाहर मोहाली में पंजाब के तीन रियल एस्टेट डेवलपर्स पर छापा मारा। बेशक ये दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं, लेकिन हर कोई जानता है कि आपस में जुड़ी हैं। भाजपा में आया यह नया आत्मविश्वास किसी वक्त अक्सर दोहराई जाने वाली कहावत से उपजा ='जो बंगाल आज करता है, बाकी देश कल करता है'।

और अब, माहौल में सवाल गूंज रहा है, 'क्या अगली बारी पंजाब की है?' यह सवाल सिर्फ पंजाब ही नहीं, बल्कि पूरा देश पूछ रहा है। निश्चित रूप से, अब पंजाब में खुलकर मुकाबला शुरू हो चुका है।

आइये, शुरुआत भारत के नक्शे से करते हैं, जिसमें पिछले 12 सालों में, जब से प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में आए हैं, ज़्यादातर सूबे भगवा रंग में रंग चुके हैं। उत्तर में हिमाचल प्रदेश और पंजाब; दक्षिण में केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक; और पूर्वी भारत में झारखंड को छोड़ आज शेष पूरा देश भाजपा के अधीन है। दोहराना ज़रूरी नहीं कि कैसे क्रमवार सूबे भाजपा के पास आते गए। हम यह भी जानते हैं कि चुनाव जीतने को भाजपा बारीकियों पर बहुत ध्यान देती है। बंगाल में, जाति, लिंग और 'धर्म-परिवर्तन' वाले 'पोरिबोर्तन' मिश्रण में विशेष गहन पुनरीक्षण भी जोड़ दिया गया। हमारे अखबार के पृष्ठों के अलावा, वरिष्ठ पत्रकार जयंत घोषाल लिखते हैं कि कैसे भाजपा ने अन्य सूबों में इस्तेमाल किए जाने वाले अपने रणनीतिक घोष 'जय श्रीराम' को बंगाल में थोड़ा मंद करने का फ़ैसला किया; और इसकी बजाय, लोगों के अंदर ममता बनर्जी शासन के प्रति मोहभंग को भुनाने पर ध्यान केंद्रित किया। 'कोई कसर न छोड़ने' वाली इस रणनीति में बांग्लादेश को भी अलग नहीं रखा गया- पांच साल पहले भाजपा में शामिल हुए तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद दिनेश त्रिवेदी को ढाका में उच्चायुक्त बनाकर भेजा गया है, बंगाल के प्रति अच्छी नीयत दर्शाने के लिए। (यह ख़बर सबसे पहले मेरे सहयोगी उज्ज्वल जलाली ने निकाली थी)।

पंजाब पर ध्यान केंद्रित करने की तैयारियां काफ़ी समय से चल रही थीं। फ़रवरी में प्रधानमंत्री मोदी रविदासिया सिख संप्रदाय के आराध्य संत रविदास की जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा सचखंड बल्लां गए थे, इससे पहले जनवरी में इस संप्रदाय के प्रमुख को पद्म श्री से नवाजा गया था- राज्य की कुल सिख जनसंख्या में लगभग 22 प्रतिशत दलित समुदाय से हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पगड़ी में पंजाब के दौरे करने के पीछे मंतव्य जगजाहिर है।

ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के जो सात राज्यसभा सांसद हाल ही में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, जल्द ही चंडीगढ़ में डेरा जमा लेंगे- उनके स्टाफ़ के लोग पहले से ही यहां मौजूद हैं। गत सप्ताह के शुरू में राष्ट्रपति भवन में वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम के सम्मान में आयोजित भोज का मेन्यू भी पंजाब के मशहूर शेफ़ हरपाल सिंह सोखी ने ही तैयार किया था (आप द ट्रिब्यून में उनका इंटरव्यू और खाने से जुड़ी खबरें एवं बनाने की विधि पढ़ सकते हैं)- इस मेन्यू में बठिंडा वाले आलू, दाल अमृतसरी और हरियाणा को भी स्थान देते हुए हिसार की बाजरा खिचड़ी शामिल थी।

जैसे-जैसे ये अटकलें ज़ोर पकड़ रही हैं कि पंजाब में चुनाव साल के अंत में होंगे- जनगणना कार्य जनवरी 2027 के मध्य तक शुरू होने की संभावना है, अर्थात यह काम चुनावों के साथ-साथ नहीं चल सकता- राज्य की भाजपा इकाई निश्चित रूप से अपने प्रतीकात्मक खंजर को धार देने में जुट गई है। यह बात किसी की भी नज़र से छिपी नहीं कि ईडी ने आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रदेशाध्यक्ष अमन अरोड़ा का नाम उन रियल एस्टेट कारोबारियों में से एक के साथ जोड़ा है, जिनके ठिकानों पर गुरुवार सुबह छापा मारा गया था।

जी हां, अब आर-पार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। जहां भाजपा सत्ताधारी आम आदमी पार्टी को निशाना बना रही है तो वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान, अकाली दल पर - और साथ में भाजपा को लपेटते हुए - पलटवार कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने 2015 में हुई बेअदबी की घटनाओं का मुद्दा फिर ज़ोर-शोर से उठाया है। ये घटनाएं उस समय हुई थीं, जब अकाली दल-भाजपा गठबंधन सत्तासीन था। यकीकन आम आदमी पार्टी पंजाब में अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरी ताक़त से लड़ेगी, क्योंकि उसे भली-भांति अहसास है कि भारतीय राजनीति में तीसरे ध्रुव के तौर पर गंभीरता से लिए जाने में उसके पास यही एकमात्र मौका बचा है। हाल ही में पारित जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026 का उद्देश्य भी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के (और इस प्रकार अकाली दल का भी) ज़बरदस्त प्रभाव को क्षीण करना है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी भी आए दिन 'आप' विरोधी बयान जारी करती रहती है।

बंगाल जीतने से भाजपा का जोश निश्चित रूप से बढ़ गया है। और फिर, जैसा कि दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत संधू को - जो 1920 के दशक के गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के एक नेता और कुलीन सुधारक एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबधंक कमेटी के संस्थापक सदस्य तेजा सिंह समुंद्री के पोते हैं - 2024 के आम चुनाव में अमृतसर लोकसभा सीट से बतौर भाजपा उम्मीदवार अनुभव है कि कैसे प्रभावशाली सिख किसान समूहों ने उन्हें अपने गांवों में घुसने तक नहीं दिया था, चुनाव प्रचार कर पाना तो दूर की बात है (हिंदू समुदायों के बीच उन्हें कहीं ज़्यादा कामयाबी मिली)। भले ही पिछले दो सालों में बहुत कुछ अन्य बदल गया हो, बड़ा सवाल अब भी यह है कि क्या पंजाब के सिख भाजपा को अपने बीच आने देने को तैयार हैं? या, शायद, यह सही सवाल नहीं, क्योंकि यह सोचना गलती होगी कि सिख आपस में बंटे हुए नहीं। शायद सही सवाल यह होना चाहिए = विभक्त सिख वोटर या जातियां, अपनी वोट किसको देंगी? और क्या कुछ सिख जातियां या समुदाय दूसरों की तुलना में भाजपा उम्मीदवारों को अपने बीच अधिक आने देंगी? निश्चित ही भाजपा सिख वोट बांटने की कोशिश करेगी, इस उम्मीद में कि कुछ लोगों को अपनी तरफ खींच सके। चुनाव से पहले या बाद में भाजपा-अकाली दल गठबंधन हो जाने की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं, भले ही गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा कर दी है कि भाजपा चुनाव अकेले लड़ेगी। साफ़ है, दोनों पार्टियों को एक-दूजे की ज़रूरत है- अकाली दल को उन हिंदू वोटों की ज़रूरत है जो भाजपा खींच सकती है, तो भाजपा को अकाली वोटों के साथ की ज़रूरत है। वर्तमान और 2024 के बीच, जब लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे पर भाजपा-अकाली दल में गठबंधन नहीं हो पाया था और आज जब देश का अधिकांश हिस्सा- बंगाल जैसे बड़े राज्य सहित- भगवा रंग चुका है। ऐसे में, क्या शाह अब भी अकाली दल के सुखबीर बादल के पीछे-पीछे चलने को तैयार होंगे?

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज रात को सोने से पहले करें सिर की मालिश, मिलेंगे यह फायदे



सिर की मालिश करने से शरीर को बहुत आराम मिलता है। अगर ये मालिश सोने से पहले कि जाएं, तो वह शरीर को कई फायदे पहुंचाती है। लेकिन कई बार लोग बिजी शेड्यूल होने के कारण सिर की मसाज करने पर ध्यान नहीं दें पाते। ऐसे में बालों को नुकसान होता है, साथ ही सेहत के लिए भी अच्छा नहीं होता। ऐसे में रात को सोने से पहले सिर की मसाज अवश्य करें। ये आपके बालों को मजबूत करने के साथ शरीर को भी कई लाभ देंगा।

### बालों को पोषण मिलता हैं

रात को सोने से पहले हल्के गुनगुने तेल से सिर की मालिश करने से बालों मजबूत होने के साथ चमकदार भी बनते हैं। नियमित बालों की मालिश करने से बालों की ड्राइनेस भी आसानी से दूर होती है। सोने से पहले बालों की मालिश करने से बालों को अच्छे से पोषण भी मिलता है।

### थकान दूर होती है

कई बार दिन में बिजी रहने के कारण शरीर में थकावट काफी ज्यादा हो जाती है। ऐसे में रात को सोने से पहले सिर की मालिश करने से दिनभर की थकान दूर होने में मदद मिलती है। सोने से पहले सिर की मालिश करने से शरीर को काफी आराम पहुंचता है।

### तनाव से राहत

सोने से पहले सिर की मालिश करने से तनाव से राहत मिलती है और आप रिलैक्स महसूस करते है। कई बार दिनभर की थकान इतनी हावी हो जाती है कि आप तनाव फील करने लगते है। सिर के तेल की मालिश से दिनभर के तनाव से राहत मिलने में मदद मिलती है।

### सिर दर्द में कमी

कई बार दिनभर की भागदौड़ की वजह से सिर में दर्द होने लगता है। लेकिन अगर आप नियमित तेल से सिर की मसाज करते है, तो सिर दर्द में आराम मिलता है। अगर आपको हल्का सिरदर्द महसूस हो रहा है और आप दवाई के सेवन से बचना चाहते है, तो हल्के गुनगुने तेल से सिर की मालिश अवश्य करें।

### नींद

एक अच्छी नींद दिनभर की सारी टेंशन को दूर कर देती है। नींद की कमी के कारण शरीर मे कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। सोने से पहले सिर की मालिश करने से दिन भर की सारी थकान दूर होती है। साथ ही अच्छी नींद भी आती है। अगर आपको नींद न आने की समस्या है, तो रात को सोने से पहले सिर की मसाज अवश्य करें।

# रोज सुबह खाली पेट पिएं काली किशमिश का पानी



काली किशमिश के फायदों के बारे में तो हम सभी जानते ही हैं। काली किशमिश में प्रोटीन, फाइबर, शुगर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए अधिकतर लोग काली किशमिश को अपनी डाइट में शामिल करते ही हैं। कुछ लोग सुबह खाली पेट काली किशमिश खाना पसंद करते हैं, तो कुछ लोग स्नैक्स में खाते हैं। इसके अलावा कुछ लोग काली किशमिश को भिगोकर खाते हैं और इसके पानी को फेंक देते हैं। जबकि आप काली किशमिश को खाने के साथ ही इसके पानी को भी पी सकते हैं। आप काली किशमिश के पानी को सुबह खाली पेट पी सकते हैं, इससे आपको अधिक फायदा मिलेगा। रोजाना काली किशमिश का पानी पीने से स्वास्थ्य बेहतर बनता है और रोगों से बचाव होता है।

**एनीमिया दूर करे :** काली किशमिश का पानी पीने से एनीमिया के लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है। दरअसल, काली किशमिश में आयरन की अधिक मात्रा होती है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाती है। जब हीमोग्लोबिन बढ़ता है, तो एनीमिया पूरी तरह से ठीक हो जाता है। एनीमिया होने पर आप रोजाना मुट्ठीभर काली किशमिश भी खा सकते हैं।

**हाई ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करे :** हाई ब्लड प्रेशर आजकल की एक सामान्य समस्या बन गई है। अगर आपका ब्लड प्रेशर भी हाई रहता है, तो आप काली किशमिश का पानी पी सकते हैं। काली किशमिश में पोटेशियम अधिक होता है। ऐसे में काली किशमिश का पानी पीने से शरीर को पोटेशियम मिलता है, जिससे शरीर में सोडियम की मात्रा कम हो जाती है। रोजाना सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीने से हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखा जा सकता है।

**पाचन को बेहतर बनाए :** खराब खानपान की वजह से अकसर लोगों को पाचन से जुड़ी समस्याएं परेशान करती हैं। अगर आपको भी गैस, कब्ज या अपच रहती है तो आप रोज सुबह खाली पेट काली किशमिश का पानी पी सकते हैं। काली किशमिश में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। फाइबर भोजन को पचाने में मदद करता है। साथ ही मल को नरम बनाता है और मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाता है। ऐसे में किशमिश का पानी पीने से कब्ज और गैस से पूरी तरह से छुटकारा मिल सकता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाए :** स्वस्थ रहने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए आप रोजाना सुबह खाली पेट काली किशमिश का पानी पी सकते हैं।

काली किशमिश में विटामिन्स, मिनरल्स और प्रोटीन पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों को दूर रखने में मदद करते हैं। रोजाना काली किशमिश का पानी पीने से आपको सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार में भी आराम मिल सकता है।

**त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद :** काली किशमिश का पानी पीने से न सिर्फ सेहत को लाभ मिलता है, बल्कि यह त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। रोजाना काली किशमिश का पानी पीने से बॉडी डिटॉक्स होती है, इससे त्वचा में निखार आता है। वहीं बालों को भी पर्याप्त पोषण मिलता है, जिससे बाल चमकदार और मुलायम बनते हैं।

# वजन बढ़ाने के लिए आप इन तरीकों से खाएं दही



दही प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स होता है। इसके अलावा दही में हेल्दी फैट, कार्ब्स, कैल्शियम, विटामिन्स और मिनरल्स भी पाए जाते हैं। दही में मौजूद पोषक तत्वों को देखते हुए डॉक्टर भी डाइट में दही शामिल करने की सलाह देते हैं। लेकिन अगर बात की जाए, दही की तो यह वेट गेन में भी मदद कर सकता है।

**दही और केला :** जिस तरह दूध और केला वजन बढ़ाने में असरदार होता है। उसी तरह दही और केले का कॉम्बिनेशन भी वेट गेन में सहायक हो सकता है। इसके लिए आप एक कटोरी में फुल फैट दही लें। अब इसमें 2-3 केले अच्छी तरह से मैश कर लें। रोजाना सुबह नाश्ते में दही और केला एक साथ लेने से आपको वेट गेन में काफी मदद मिल सकती है। इसके साथ ही दही और केले में अधिक मात्रा में फाइबर पाया जाता है। ऐसे में यह वजन को बहुत अधिक नहीं बढ़ाता है, कंट्रोल करके रखता है। इसलिए दही और केला खाकर आप अपने वजन को कंट्रोल में रख सकते हैं।

**दही और आलू :** दही और आलू का कॉम्बिनेशन भी आपको वेट गेन करने में मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले आप आलू उबाल लें और छीलकर रख दें। इसके बाद एक कटोरी फुल फैट दही लें। इसमें आलू को कद्दूकस करके डाल दें। अब इसमें नमक और काली मिर्च का पाउडर मिला लें। दही और आलू को रोजाना खाने से आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है। आलू में शुगर, कार्ब्स और कैलोरी होता है, तो वेट गेन में मदद कर सकते हैं।

**दही और चावल :** अधिकतर लोग दही चावल का सेवन लूज मोशन के दौरान करते हैं। वहीं कुछ लोग दही चावल खाना पसंद भी करते हैं। लेकिन अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो भी दही और चावल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए आप एक प्लेट में चावल और फुल फैट दही लें। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाएं और खा लें। रोजाना दही और चावल खाने से आपको वेट गेन में मदद मिल सकती है। आप इसमें ड्राई फ्रूट्स आदि में मिला सकते हैं।

### दही स्मूदी

आप अकसर मिल्क स्मूदी बनाते होंगे, यह तो वेट गेन करता ही है। लेकिन अगर आपको दही पसंद है, तो आप दही स्मूदी बनाकर भी पी सकते हैं। दही स्मूदी भी आपका वजन बढ़ाने में असरदार साबित हो सकती है। इसके लिए आप एक गिलास फुल फैट दही लें। इसमें स्ट्रॉबेरी, एवोकाडो, केला और पीनट बटर डालें और अच्छी तरह से ग्राइंड कर लें। अब तैयार दही स्मूदी को आप रोजाना वर्कआउट के बाद पी सकते हैं। दही स्मूदी पीने से आपको वेट गेन में काफी मदद मिल सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### मिथुन

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### कर्क

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### सिंह

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कन्या

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### तुला

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### वृश्चिक

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### धनु

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मकर

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कुंभ

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मीन

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# सूरजगढ़ को मिलेगी नई सड़कों की सौगात

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** विधानसभा क्षेत्र सूरजगढ़ की सड़कों का कायाकल्प करने और ग्रामीण कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने राजधानी जयपुर में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक ने बजट घोषणा 2026 के अंतर्गत क्षेत्र की प्राथमिकता वाली 54 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण और सुधार के लिए विस्तृत अनुशंसा सूची सौंपी। विधायक श्रवण कुमार ने बताया कि इन सड़कों का चयन आमजन की मांग और आवश्यकता के आधार पर किया गया है ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी विकास का लाभ मिले।

उपमुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों की जल्द ही स्वीकृति जारी करने का सकारात्मक आश्वासन दिया है। सिंघाना नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीपी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरजगढ़ के विधायक श्रवण कुमार क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि इस सूची में उन ढाणियों और रास्तों को शामिल किया गया है जो वर्षों से उपेक्षित थे। इन सड़कों की कुल लंबाई 54 किलोमीटर है, जिससे दर्जनों गांवों की राह आसान होगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भांकरोटा थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे एक राहगीर की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार हादसा कुछ दिन पहले रात के समय भांकरोटा पुलिया पर हुआ। एक अज्ञात राहगीर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान पुलिया पर चढ़ते समय किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल को तत्काल एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भांकरोटा थाना पुलिस ने बताया कि मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे में चेहरे पर गंभीर चोट लगने के कारण उसका चेहरा काफी क्षत-विक्षत हो गया है।

पुलिस ने शव को पहचान के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के डीप फ्रीज में सुरक्षित रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही मृतक की पहचान और उसके परिजनों की जानकारी जुटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतक के हुलिए के आधार पर पहचान कर सके तो भांकरोटा थाना पुलिस को सूचना दें।

# साइबर ठगी मामले में एक गिरफ्तार



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू में डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया है जहाँ रिटायर्ड कार्मिक से साईबर ठगो ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बन 74 लाख रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। साईबर थाने में 15 मई 2025 को दर्ज हुए इस मामले में साईबर थाना पुलिस ने अब कारवाई करते हुए स्केम में शामिल एक आरोपी को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। साईबर थाने के डीएसपी विजय कुमार मीणा ने बताया की न्याँगल बड़ी के संतलाल प्रजापत ने रिपोर्ट दी थी की 2 अप्रैल 2025 को उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आया और कॉल करने वाले नें कहा कि मैं दिल्ली क्राइम ब्रांच से बोल रहा हूं आपके नाम से आईसीआई बैंक दिल्ली में खाता है जो आपके आधार नंबर से लिंक है और उक्त खाते में मनी लांड्रिंग के पैसे आए हैं हमने आरोपी को पकड़ रखा है जो आपका नाम ले रहा है। रिटायर्ड कार्मिक संतलाल ने कहा मेरा आईसीआई बैंक में कोई खाता नहीं है तब स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताने वाले साईबर ठगो नें पीड़ित को झांसे में लेने के लिए बैंक खाता की पासबुक की फोटो भेजी और कहा हमने जो आरोपी गिरफ्तार कर रखा है उसने पूछताछ में बताया कि आप द्वारा उक्त बैंक खाता 40 हजार रुपए में बेचा गया है तथा 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी तय कर रखी है। पीड़ित के मना करने पर भी साईबर ठगो ने कहा उक्त बैंक खाता में 68 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है जिसमें 10 प्रतिशत के हिसाब से आपको 68 लख रुपए देने होंगे यदि उक्त रुपए आप नहीं जमा करवाते हो तो आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आप उक्त रुपयों को बैंक खाते में जमा करवा दो हम आपके रुपए आरबीआई के लेटर कोड से चेक करवाएंगे यदि जांच के बाद रुपए सही पाए जाते हैं तो आपको 24 से 72 घंटे में पुन लौटा दिए जाएंगे।

### फर्जी नोटिस और एफआईआर से लिया झांसे में

स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताने वाले साईबर ठगो नें पीड़ित को झांसे में लेने के लिए फर्जी सुप्रीम कोर्ट का नोटिस पुलिस रिपोर्ट और सीबीआई एफआईआर और रिजर्व बैंक आफ इंडिया नई दिल्ली के पांच नोटिस भेज कर कहा आपके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मुकदमा है और झांसे में लेकर 74 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने कहा 1 से 2 बार फोन करने के बाद जब आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया तो उसे अपने साथ साइबर फ्रॉड का एहसास हुआ और उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन फ्रॉड होने की शिकायत दर्ज करवाई।

### एएसआई ने गुजरात से किया गिरफ्तार

डिजिटल अरेस्ट की इस वारदात के बाद साईबर थाना पुलिस ने विभिन्न टीमों का गठन किया और एएसआई राकेश मीणा ने तकनीकी तंत्र की सहायता से साइबर फ्रॉड के लिए काम में लिए गए बैंक खाता और मोबाइल नंबरों का विस्तृत विश्लेषण कर साइबर स्केम में शामिल आरोपी गुजरात के अहमदाबाद निवासी रवि कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है।

# ग्राम रथ प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बन रहे है जनसंवाद का सशक्त माध्यम : दाधीच

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश की जनहितैषी भारतीय जनता पार्टी एवं भजनलाल शर्मा सरकार द्वारा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने तथा सरकारी ग्रामीण योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास चौपालें लगा रही है। इसके साथ ही सरकार द्वारा ग्राम रथों के माध्यम से ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि 28 अप्रैल से लगातार विधानसभाओं में ग्राम विकास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ किए गए ग्रामरथ और ग्राम विकास चौपाल ग्रामीण क्षेत्रों में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश स्तर पर 326 नेताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रवास किया जबकि जिला स्तर पर 1100 से अधिक प्रवास हुए। अब तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 7500 से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंचकर चौपालों के माध्यम से आमजन से संवाद किया गया है। सरकार के मंत्रियों द्वारा प्रभार वाले जिले में 6 तथा स्वयं की विधानसभा में 4 ग्राम विकास चौपालों में भाग ले रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, अरुण चतुर्वेदी, सी पी जोशी, सतीश पूनिया सहित प्रदेश पदाधिकारी, प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधि लगातार गांवों में पहुंचकर चौपाल कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि प्रतापगढ़ के बंबोरी, सीकर की जाजोद तथा अजमेर की कड़ेल ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कियाए वहीं पुष्कर एवं उदयपुर में मदन राठौड़ ने ग्राम विकास चौपाल में भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर त्वरित समाधान किया गया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया गया। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान एवं सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, नि:शुल्क चिकित्सा और बालिकाओं की शिक्षा जैसी योजनाओं ने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। भाजपा सरकार सरकार गांव के द्वार की भावना के साथ कार्य कर रही है। ग्राम विकास चौपाल जनता की समस्याओं के समाधान और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन चुकी हैं।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्था प्रधान सुमन वर्मा ने बताया कि डॉ अनिल शर्मा अनमोल के निर्देशन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय की 248 छात्राओं ने भाग लिया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल थे, वहीं अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुमन वर्मा ने की। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी मनीषा सैनी, लक्ष्मण राम धायल, मनोज कुमारी, विमला कुमारी, मंजू, माया, मीना कुमारी सहित विद्यालय की बेटियां उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री के सात संदेश राष्ट्रहित में हर नागरिक का कर्तव्य : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के दौर में नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से किया गया राष्ट्र प्रथम - कर्तव्य सर्वोपरि का आह्वान आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सात संदेश केवल सुझाव नहीं बल्कि राष्ट्रहित में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जहां संभव हो वर्क फ्रॉम होम को प्राथमिकता देने, अगले एक वर्ष तक अनावश्यक रूप से सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल एवं डीजल की खपत कम करने तथा मेट्रो एवं सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया है। इसके साथ ही खाद्य तेल के सीमित उपयोग, अनावश्यक उपभोग में कमी, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटाकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा विदेशी उत्पादों के स्थान पर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक मजबूती तक सीमित नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, ऊर्जा बचत और लोकल फॉर लोकल की भावना को भी सशक्त करता है। विदेश यात्राओं को सीमित करने और स्वदेशी संसाधनों को प्राथमिकता देने से देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री के इन संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को समझकर आगे बढ़ेगा तभी भारत विश्व पटल पर और अधिक शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा।

# कुंजी और वन वीक सीरीज की सफलता को पेपर लीक कहना गलत : कोचिंग महासंघ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट परीक्षा को लेकर हाल में उठे पेपर लीक के आरोपों के बीच ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा है कि किसी पासबुक, कुंजी या वन वीक सीरीज में से 50 प्रतिशत से अधिक प्रश्न आने का अर्थ यह नहीं है कि पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए वर्षों से देशभर में पासबुक और कुंजी का उपयोग होता आ रहा है तथा अनुमान के आधार पर प्रश्न तैयार करना शिक्षकों और विशेषज्ञों की शैक्षणिक क्षमता का हिस्सा है। नाडार ने कहा कि यदि केवल प्रश्न मिल जाने को ही पेपर लीक का आधार माना जाए तो देश में लंबे समय से चल रही वन वीक सीरीज और कुंजियों को भी हर बार पेपर लीक मानना पड़ेगा, जो हास्यास्पद और चिंताजनक स्थिति होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रचार से युवाओं में परीक्षाओं को लेकर स्थायी आशंका पैदा हो सकती है। उन्होंने मीडिया और संबंधित विभागों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी शिकायत या सूचना की पूरी जांच होने के बाद ही समाचार प्रकाशित किए जाने चाहिए ताकि विद्यार्थियों और अभिभावकों में अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा न हो। अनीष नाडार ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मामलों में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था नहीं थी लेकिन वर्तमान भजनलाल सरकार ने हेल्पलाइन नंबर और ऑनलाइन शिकायत प्रणाली शुरू कर पारदर्शिता बढ़ाने का कार्य किया है। इसी कारण अब हर परीक्षा से पहले बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में हजारों प्रकाशकों और शिक्षकों के बीच किसी न किसी का अनुमान अधिक सटीक होना स्वाभाविक है। इसे पेपर लीक से जोड़ना गलत है। महासंघ ने पेपर लीक रोकथाम को लेकर राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान में पहली बार इस दिशा में गंभीर और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। महासंघ ने एसओजी की जांच प्रणाली पर विश्वास जताते हुए कहा कि मामले की अंतिम जांच रिपोर्ट आने तक सभी पक्षों को धैर्य रखना चाहिए और इस विषय को राजनीति से दूर रखते हुए निष्पक्ष जांच में सहयोग करना चाहिए।

# फायरिंग और लज्जा भंग का इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने संगीन और गंभीर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत मारपीट, महिला की लज्जा भंग करने और हत्या के इरादे से फायरिंग करने के मामले में पिछले 5 महीने से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी बदमाश को भरतपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 की रात को परिवादिया के साथ कुछ बदमाशों ने मारपीट की थी। आरोपियों ने महिला की लज्जा भंग करते हुए हत्या करने की नीयत से उस पर फायरिंग भी की थी। इस संबंध में ट्रांसपोर्ट नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में ही तीन आरोपियों शाहिद खान, वाहीद खान और अरबाज उर्फ काला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर जेल भेज दिया था। लेकिन वारदात का मुख्य आरोपी आबिद खान घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर जाल बिछाया।

टीम ने दबिश देकर आरोपी आबिद खान निवासी आमागढ बस्ती दिल्ली बाईपास रोड जयपुर को मछली दरवाजा भरतपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस अब आगे की पूछताछ कर रही है। इस इनामी बदमाश को सलाखों के पीछे पहुँचाने वाली टीम में थानाधिकारी अरुण कुमार, कांस्टेबल महेश, मोहम्मद शाहिद और कैलाश नेहरा शामिल रहे।




# इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर में इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पाँचों हाउस के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के सम्माननीय निर्णायक मंडल में विभिन्न नृत्य विधाओं की विशेषज्ञ सिमरन अग्रवाल, अदिति शर्मा एवं कृतिका रघुवंशी उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि मिश्रा ने ग्रीन गोल्ड एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर निर्णायक मंडल का स्वागत किया। प्रतियोगिता को दो भागों युगल नृत्य एवं समूह नृत्य में विभाजित किया गया था। चुनौतीपूर्ण युगल नृत्य प्रतियोगिता में ऑर्किड्स हाउस विजेता तथा ट्यूलिप्स हाउस उपविजेता रहा। वहीं विद्यालय की वार्षिक थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रतियोगिता में डेफोडिल्स हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ऑर्किड्स हाउस उपविजेता रहा। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या मुक्ता खण्डेलवाल ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। उन्होंने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 27 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई माहेश्वरी भवन होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

# बंद घर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के जैन चौक क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बंद मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में घर का टीवी और सोफा जल गया हालांकि बड़ा हादसा टल गया। मकान मालिक परिवार सहित धार्मिक यात्रा पर गए हुए थे।

**सुबह ही यात्रा पर निकला था परिवार :** पड़ोस में दुकान संचालित करने वाले विनोद जैन ने बताया मकान मालिक विकास बेद सोमवार सुबह ही परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए थे। दोपहर के समय उनके बंद मकान से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पहले टीवी में लगी आग, सोफा सेट भी जला स्थिति गंभीर देख लोगों ने मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फायर फाइटर टीम को सूचना दी। घर के अंदर चारों ओर धुआं भरा हुआ था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण पहले टीवी में आग लगी, जिससे नीचे रखा सोफा सेट भी जल गया। गनीमत रही कि दिन का समय होने और इलाके में लोगों की आवाजाही के कारण आग का समय पर पता चल गया। यदि आग का समय पर पता नहीं चलता, तो यह पूरे मकान में फैल सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट ही माना जा रहा है।

# श्री बापूजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में स्पोर्ट्स मीट-2026 का आगाज

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** श्री बापूजी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में सोमवार से साप्ताहिक स्पोर्ट्स मीट-2026 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ ईशा गुर्जर एवं निदेशक डॉ ओमप्रकाश गुर्जर ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यार्थियों में खेलों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ ईशा गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ ओमप्रकाश गुर्जर ने विद्यार्थियों को जोश, उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करते हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा वॉलीबॉल, क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। स्पोर्ट्स मीट के उद्घाटन अवसर पर पहला क्रिकेट मुकाबला ब्लैक थंडर्स और ब्लू ब्लास्टर्स टीमों के बीच खेला गया, जिसमें ब्लैक थंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंसिपल डॉ गौतम उपाध्याय, एसोसिएट प्रोफेसर हितेश शर्मा, नर्सिंग ट्यूटर मिलन तिवाड़ी, जॉबी थॉमस, बीएनवाईएस विभाग के शिक्षक सचिन चौधरी, स्पेशल बीएसटीसी विभागाध्यक्ष नीतूवीर गुर्जर, बीएससी आयुर्वेदिक नर्सिंग विभाग के नेमाराम, सुनीता जांगिड़ एवं गुलाब गुर्जर सहित स्टाफ सदस्यों की विशेष भूमिका रही।



# खाली पेट ड्रैगन फ्रूट खाने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे, वेट कम करने में भी कारगर

ड्रैगन फ्रूट एक चमकीले छिलके वाला फल होता है। इस फल के गूदे पर काले बीज होते हैं। जो लोग अपने फिटनेस को लेकर जागरुक होते हैं, वह लोग इस फल को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। यह फल स्वादिष्ट होने के साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ड्रैगन फ्रूट्स कार्ब्स, फाइबर, आयरन, प्रोटीन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इस फल में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है। ड्रैगन फ्रूट्स में फैट की मात्रा कम होने के साथ ही फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह फल वजन घटाने में भी काफी फायदेमंद होता है। इसके अलावा ड्रैगन फ्रूट का सेवन डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए लाभकारी होता है। ऐसे तो इस फल का सेवन किसी भी समय किया जा सकता है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस फल का सुबह के समय सेवन करना काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सुबह खाली पेट ड्रैगन फ्रूट खाने से इस फल के पोषक तत्वों को शरीर आसानी से अवशोषित कर लेता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह के समय ड्रैगन फ्रूट के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



### फ्री रेडिकल्स से होता है बचाव

ड्रैगन फ्रूट में एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा पायी जाती है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट इस फल का सेवन करते हैं, तो इससे आपका शरीर और त्वचा फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसानों से बचती है। इस फल के सेवन से कैंसर और हृदय रोगों का खतरा भी कम होता है। ड्रैगन फ्रूट्स में फेनोलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और बीटासायनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो आपके शरीर को हेल्दी रखते हैं।

### आंतों के लिए फायदेमंद

ड्रैगन फ्रूट आंतों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। इस फल में प्रोबायोटिक मौजूद होता है। जो आंतों की हेल्थ में सुधार करने का काम करता है। इसके अलावा प्रोबायोटिक खाने के पचाने में भी सहायक होता है।

### इम्यूनिटी बढ़ाए

आप रोज सुबह ड्रैगन फ्रूट का सेवन इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए भी कर सकते हैं। इस फल में विटामिन सी पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होता है। नाश्ते के तौर पर इस फल के सेवन से कई बीमारियों से शरीर का बचाव होता है। इस फल को रोजाना सुबह खाली पेट खाने से आपको सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं परेशान नहीं करेंगी।

### खून की कमी होगी पूरी

ड्रैगन फ्रूट में आयरन की भरपूर मात्रा पायी जाती है। ऐसे में अगर आप रोजाना खाली पेट इस फल का सेवन करते हैं तो आपको भरपूर मात्रा में आयरन मिलेगा। इससे शरीर में खून की कमी पूरी होगी और यह एनीमिया के लक्षणों को भी कम करने में मददगार होता है। ड्रैगन फ्रूट के सेवन से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और आप स्वस्थ महसूस करते हैं।

# सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वर्कआउट करते वक्त इन टिप्स को करें फॉलो

डाइट हो या एक्सरसाइज, इससे पूरा लाभ लेने के लिए आपको इसे सही तरीके से फॉलो करना चाहिए। मॉर्निंग वर्कआउट सेहत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। सुबक के रूटीन में योग और कुछ एक्सरसाइज करना, न केवल आपको फिट रखता है, बल्कि इससे दिनभर के लिए शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है। हालांकि, अगर आप मॉर्निंग वर्कआउट से पूरा फायदा चाहती हैं, तो आपको इसे करने के सही तरीके के बारे में पता होना चाहिए। इससे पहले क्या डाइट लेनी है और मॉर्निंग वर्कआउट में किन चीजों को शामिल करना है, इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



### सुबह के समय वर्कआउट करते वक्त फॉलो करें ये टिप्स

- एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप सुबह वर्कआउट करती हैं, तो इससे एक रात पहले क्या डाइट ले रही हैं, इस पर खास ध्यान दें।
- मॉर्निंग वर्कआउट से पहले रात को कार्ब्स,हेल्दी फैट्स और प्रोटीन से भरपूर बैलेंस डाइट लें।
- वर्कआउट सेशन शुरू करने से पहले कोई कार्ब स्नैक लें।
- एनर्जी के लिए लिक्विड ड्रिंक लें।
- वर्कआउट से 30 मिनट पहले एक केला या कुछ अंगूर खाएं।
- इसके अलावा, वर्कआउट से पहले या इसके दौरान, कार्ब पाउडर और इलेक्ट्रोलाइट जरूर लें। इससे शरीर में एनर्जी की कमी नहीं होती है।
- अगर आपने वर्कआउट से 1 रात पहले सही से खाना नहीं खाया है और सुबह खाली पेट आप वर्कआउट की शुरूआत कर रही हैं, तो इससे शरीर के एनर्जी लेवल में एकदम कमी आ सकती है।

### कैसा होना चाहिए मॉर्निंग वर्कआउट?

- जो लोग मॉर्निंग वर्कआउट की शुरूआत कर रहे हैं, वो इसे शुरू में हल्का ही रखें।
- मॉर्निंग वर्कआउट में योगा (हार्मोनल हेल्थ के लिए योगा) को जरूर शामिल करें। योगा से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि दिन भर के लिए शरीर में पॉजिटिविटी और एनर्जी भी बनी रहती है।
- सुबह की सैर भी अपने रूटीन में शामिल करें। शुरुआत में धीरे-धीरे चलें। फिर जॉगिंग करने की कोशिश करें।
- अगर जॉगिंग करने में मुश्किल आ रही है, तो वॉक जरूर करें।
- वर्कआउट में आप डांसिंग को भी शामिल कर सकती हैं।
- सुबह के वक्त शरीर को एनर्जी देने के लिए यह अच्छा विकल्प है।

# डाइजेशन रखना है दुरुस्त तो भूलकर भी न पिएं ये ड्रिंक्स

शारीरिक स्वास्थ्य की बात हो या मानसिक स्वास्थ्य की, आपके डाइजेशन का स्वस्थ होने संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक होता है। अगर आपका पाचन ठीक नहीं है, तो इसके कारण शरीर में कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी देखने को मिल सकती हैं।

मौसम में आपको अपने पाचन स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है। क्योंकि जब मौसम में परिवर्तन होता है या तो हमारे शरीर को मौसम के अनुसार बदलने में समय लगता है। इसके अलावा, बारिश के मौसम में कई तरह के हानिकारक बैक्टीरिया मौजूद होते हैं और हमारी पाचन अग्नि भी मंद हो जाती है। इसलिए इस दौरान लोगों के साथ पाचन संबंधी समस्याएं काफी देखने को मिलती हैं। हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए भी डाइजेशन का स्वस्थ होना बहुत जरूरी होता है। बारिश के मौसम में हमें कई तरह के फूड्स के सेवन से बचने की जरूरत होती है, क्योंकि ये पाचन को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे कई फूड्स और ड्रिंक्स हैं, जिनका सेवन आपको बारिश के मौसम में करने से बचना चाहिए।



### कार्बोनेटेड ड्रिंक्स

इन ड्रिंक्स का सेवन करने से आपको प्यास अधिक लगती है। यह पाचन तंत्र के संतुलन में गड़बड़ कारण बनती हैं। वहीं इनमें मौजूद चीनी आपको मोटापा, डायबिटीज और फैटी लिवर आदि जैसे रोगों के जोखिम में डालती है।

### अल्कोहल

अल्कोहल वाले ड्रिंक्स पाचन को खराब करते हैं। मानसून में इनका सेवन आपकी इम्यूनिटी कमजोर होती है और डिहाइड्रेशन की समस्या भी देखने को मिलती है। शराब के श्च॥ एसिड वाला होने के कारण शरीर में अधिक एसिडिटी होती है। यह हमारी पाचन अग्नि को अधिक मंद कर देती है। इससे हमारा पाचन और शरीर की ताकत प्रभावित होती है।

### कैफीन युक्त पेय

कॉफी और चाय जैसे कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर में हिडाइड्रेशन का कारण बनते हैं। साथ ही, ये नींद के पैटर्न में बाधा डालते हैं। इनका सेवन करने से शरीर में वात और पित्त बढ़ता है। ये ड्रिंक्स शरीर की एनर्जी को भी खत्म करते हैं।

### फलों का रस

फलों के रस का सेवन सीमित मात्रा में ही करें, क्योंकि ये भी पाचन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही इनका सेवन करने से रक्त में ब्लड शुगर लेवल भी अनियंत्रित हो सकता है।

# कंप्यूटर से तेज दौड़ने लगेगा दिमाग, इन न्यूट्रिएंट्स को डाइट में करें शामिल, ब्रेन फॉग से मिलेगी निजात

बढ़ती उम्र के साथ ही यददाश्त कमजोर होना और फोकस में कमी होना एक आम समस्या होती है। लेकिन अगर आप कम आयु में ही चीजों को भूलने लगे हैं। कुछ समझने या ध्यान केंद्रित करने में समस्या होती है। तो यह ब्रेन फॉग के लक्षण हो सकते हैं। बता दें कि यह एक तरह का मानसिक विकार होता है। इस बीमारी में व्यक्ति को प्लानिंग करने, चीजों को रखकर भूलने, किसी चीज को याद रखने व भाषा समझने में परेशानी होती है। इस समस्या पीड़ित व्यक्ति को नींद न आना, चिड़चिड़ापन, फोकस में परेशानी, मूड स्विंग, सिरदर्द और चिंता आदि जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसे जड़ से सही करने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करना बेहद जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऐसे कई पोषक तत्व हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही ब्रेन फॉग की समस्या में फायदेमंद होंगे।




### एंटीऑक्सीडेंट्स

हमारे मस्तिष्क कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में एंटीऑक्सीडेंट्स मदद करते हैं। इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्य को संरक्षित करने में भी मददगार होता है। इस समस्या से बचने के लिए आपको अपनी डाइट में मेवे, बीज नींबू, ब्रोकली, अंडा, मछली, ब्राउन राइस, जामुन, खट्टे फल, बींस, तरबूज, अंगूर, सेब और शिमला मिर्च आदि को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड

दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मस्तिष्क की सूजन को कम करने के साथ ही याददाश्त और एकाग्रता में सुधार लाने में सहायक होता है। इसके सेवन से आपको चिंता और अवसाद के लक्षणों में कमी देखने को मिलती है। इसके लिए आप अपनी डाइट में नट्स, बीज, सोयाबीन, सैल्मन मछली आदि को शामिल कर सकते हैं।

### कोलिन

बता दें कि शरीर में एसिटाइलकोलाइन का उत्पादन करने के लिए कोलिन जरूरी होता है। यह एसिटाइलकोलाइन एक तरह का न्यूरोट्रांसमीटर है। जो मूड सुधारने, मांसपेशियों पर नियंत्रण, मेमोरी बूस्ट करने और तंत्रिका तंत्र के अन्य कार्यों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में गुर्दे, अंडा और सोया आदि को शामिल करना चाहिए।

### विटामिन-बी

मस्तिष्क और तंत्रिका के कार्यों के लिए विटामिन-बी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह मूड को सुधारने के साथ ही संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को कंट्रोल करने वाले न्यूरोट्रांसमीटर को रेगुलेट करने में अहम भूमिका निभाता है। एक रिसर्च के अनुसार, यदि शरीर में विटामिन-बी 12 की कमी होती है, तो वह डिप्रेशन और तनाव का शिकार हो सकता है। इसलिए ब्रेन फॉग की समस्या से निजात पाने के लिए आपको विटामिन-बी युक्त फूड्स, जैसे हरी सब्जियों, ओट्स, मशरूम, ब्रोकली, साबुत अनाज, दही, अंडा, पनीर और दूध का सेवन करना चाहिए।

### मैग्नीशियम

मैग्नीशियम का सेवन ब्रेन फॉग की समस्या में फायदेमंद साबित हो सकता है। मैग्नीशियम तंत्रिका संचरण में बेहद अहम भूमिका निभाता है। यह ब्लड वेसल्स को आराम देने में सहायक हो सकता है। इससे मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है। वहीं मैग्नीशियम की कमी होने से तनाव और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए आपको मेवे, बीज, साबुत अनाज और पत्तेदार सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

# डैंड्रफ की समस्या से हैं परेशान? सिर पर लगाएं ये तेल, खुजली और रूसी से मिलेगा छुटकारा

बाल शरीर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। मजबूत, काले, लंबे, घने और हेल्दी बाल लोगों को काफी पसंद होते हैं। लेकिन कई बार स्कैल्प की सफाई न होने के कारण, ड्राई स्कैल्प, बारिश का पानी और सिर में तेल का अत्यधिक स्राव के कारण बालों में डैंड्रफ की समस्या हो सकती हैं। अक्सर लोग इस समस्या को दूर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार मन मुताबिक रिजल्ट भी नहीं देते हैं। ऐसे में बालों से डैंड्रफ को दूर करने के लिए कई तरह के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। यह तेल स्कैल्प को पोषण देने के साथ इन तेलों में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण स्कैल्प को हेल्दी रखते हैं। इन तेलों की मदद से बाल मजबूत बनते है और कई समस्याएं भी दूर होती हैं।



**नारियल तेल :** नारियल तेल बालों को मजबूत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण डैंड्रफ को दूर करते हैं। नारियल तेल स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है और बालों के स्वास्थ्य में सुधार करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए नारियल तेल को हल्का गुनगुना करें। अब इस तेल से सिर की मसाज करें। 2-3 घंटे बाद बालों को शैंपू से वॉश करें।

**रोजमेरी तेल :** रोजमेरी तेल बालों की कई समस्याओं को दूर करता है। इसमें एंटीसेप्टिक, एंटीफंगल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं। रोजमेरी तेल लगाने से सिर की खुजली भी दूर होती है। इस तेल को लगाने से डैंड्रफ को समस्या दूर होती है और बाल भी मजबूत होते हैं।

**टी ट्री ऑयल :** टी ट्री ऑयल बालों से डैंड्रफ को दूर करने के साथ बालों को हेल्दी भी रखता है। इस तेल में एंटी-फंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने के साथ खुजली की समस्या से भी राहत देते हैं।

**पुदीने का तेल :** पुदीने का तेल सिर में तेल को स्राव को रोकने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इसे नॉर्मल तेल में मिलाकर लगाएं। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण स्कैल्प में होने वाली खुजली और ड्राई स्कैल्प की समस्या को दूर करते हैं।

**लेमनग्रास तेल :** लेमनग्रास तेल बालों को पोषण देने के साथ डैंड्रफ को दूर करता हैं। इस तेल का इस्तेमाल करने के लिए इसे कैरियल ऑयल में मिलाकर या फिर नॉर्मल तेल में 4 से 5 बूंद मिलाकर लगाया जा सकता है।

इस तेल से डैंड्रफ दूर होने के साथ ऑयली बालों से भी राहत मिलती हैं।

# आइसक्रीम खाने के बाद सिर में दर्द क्यों होता है? इसके ये है कारण

गर्मी हो या सर्दी, आइसक्रीम खाने का शौक हर मौसम में एक जैसा रहता है। मूड ठीक करने से लेकर उदासी दूर करने तक आइसक्रीम खाने से कई परेशानियों का अहसास भी कम होता है। लेकिन कुछ लोगों को आइसक्रीम खाते ही सिर में तेज दर्द शुरू हो जाता है। इस स्थिति को वैज्ञानिक और एक्सपर्ट आइसक्रीम सिरदर्द के नाम से जानते हैं। यह समस्या सामान्य नहीं है और इसे नजरअंदाज करने से कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं। वैसे तो, सिरदर्द होने के कई कारण हैं और लोगों में अलग-अलग तरह का सिरदर्द हो सकता है। लेकिन अगर आपको भी आइसक्रीम खाने से बाद सिरदर्द होता है, तो यह लेख आपके लिए ही है।

**आइसक्रीम खाने के बाद सिरदर्द क्यों होता है :** आइसक्रीम खाने के बाद सिरदर्द होने की समस्या को ही आइसक्रीम सिरदर्द या ब्रेन फ्रीज कहा जाता है। इस तरह का सिरदर्द आइसक्रीम खाने के बाद शुरू होता है और कुछ देर बाद अपने आप ठीक हो जाता है। इसकी वजह से आपकी कनपटी पर तेज दर्द और अकड़न होने लगती है। आइसक्रीम ही नहीं, किसी भी तरह से ठंडी चीज या ठंडे पेय का सेवन करने के बाद भी यह स्थिति हो सकती है। आइसक्रीम खाने के बाद उसके तापमान की वजह से आपको 30-40 सेकंड में इस तरह का सिरदर्द होता है। यह सिरदर्द सेकंड से लेकर कुछ मिनट तक रहता है और फिर अपने आप ठीक भी हो जाता है। इस तरह का सिरदर्द दरअसल आइसक्रीम या ठंडी चीजों के तापमान की वजह से होता है। जब आप आइसक्रीम खाते हैं, तो इससे आपके दिमाग की सेरेब्रल धमनियों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसकी वजह से आपको तुरंत तेज सिरदर्द और चुभन का अहसास होता है। जैसे-जैसे धमनियों में ब्लड फ्लो सामान्य होता है, सिरदर्द भी कम होने लगता है। इस स्थिति से वैसे तो किसी तरह का खतरा नहीं है, लेकिन अगर आपको अक्सर ऐसे सिरदर्द का सामना करना पड़ रहा है तो सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**आइसक्रीम के कारण होने वाले सिरदर्द से बचाव :** आइसक्रीम खाने की वजह से होने वाले सिरदर्द से छुटकारा पाने के लिए आपको बहुत ज्यादा ठंडी आइसक्रीम का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, जब ठंडी चीजें आपके दांतों को ट्रिगर करती हैं, तो इससे सिर और मस्तिष्क में मौजूद ब्लड वेसेल्स में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसलिए ही आपको सिरदर्द होता है। इस स्थिति से छुटकारा पाने के लिए तुरंत गुनगुना पानी पीने से राहत मिलती है।

लेकिन ऐसा करने से आपको कई नुकसान भी हो सकते हैं। इस स्थिति में अगर आपको गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो डॉक्टर से संपर्क जरूर करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप इस समस्या से छुटकारा चाहते हैं तो इसके कारणों का शिकार होने से बचना चाहिए।

# पांच करोड़ की ठगी करने वाला शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर दक्षिण जिला पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर साइबर ठग और हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित बैंक खाते उपलब्ध करवाकर देशभर में सक्रिय साइबर ठगी सिंडिकेट से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में बैंक दस्तावेज, नकदी और एक लग्जरी कार बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अक्षय कुमार मीणा निवासी कुण्डेरा जिला सवाई माधोपुर हाल मुहाना का रहने वाला है। आरोपित मुहाना थाने का घोषित हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हाल ही में अपहरण और मारपीट के मामले में भी वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपित के पास से बरामद चेक बुक और पासबुक के खातों को केंद्रीय साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर जांचा गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 13 साइबर शिकायतें दर्ज मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इन खातों के जरिए करीब 5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया। सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर आदित्य काकडे ने बताया कि शिप्रापथ थानाधिकारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपित अक्षय कुमार मीणा को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 6 लाख रुपये नकद, 22 चेकबुक, 4 पासबुक, 16 अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त हुंडई वेन्यू कार बरामद की। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध करवाने का काम करता था। अब यह जांच की जा रही है कि आरोपी ने ये खाते किन लोगों से खरीदे और इस गिरोह के तार देश के अन्य राज्यों में सक्रिय साइबर ठगों से कैसे जुड़े हुए हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

# बॉलर्स एंड स्पाइकर्स टूर्नामेंट में 39 टीमों ने लिया हिस्सा




निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में आयोजित बॉलर्स एंड स्पाइकर्स अंडर-19 टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ। आयोजन में क्लास 9 से 12 तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रदेशभर से 18 बास्केटबॉल और 21 वॉलीबॉल टीमों समेत कुल 39 टीमों ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल में फेलोशिप मिशन स्कूल विनर बनाए जबकि डिफेंस पब्लिक स्कूल रनर-अप रहा। बास्केटबॉल में विवेक टेक्नो स्कूल ने चैंपियनशिप का टाइटल जीता जबकि ज्ञान आश्रम स्कूल रनर-अप रहा। सभी मैचों में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स की हाई एनर्जी, टीमवर्क और शानदार खेल भावना देखने को मिली। आयोजन में 36 हजार का प्राइज पूल बांटा गया जिसमें जीतने वाली टीमों को 11 हजार और रनर-अप टीमों को बास्केटबॉल और वॉलीबॉल दोनों कैटेगरी में 7000 दिए गए। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट अफेयर्स हेड दीपक सोगानी ने आयोजन के सफल समापन पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए स्टूडेंट्स को अपना टेलेंट दिखाने का अवसर मिलता है एवं उन्हें आगे अवसर प्राप्त होते हैं।

# लोगों के संघर्ष व जिजीविषा का प्रतीक है सोमनाथ

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय सभागार में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सोमनाथः भारतीय संस्कृति व इतिहास की गौरव गाथा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता प्रो एसडी सोनी ने कहा कि हमारी परम्परा, संस्कार, तप, त्याग आदि हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम हर संकट से निकलने की क्षमता रखते हैं और यही हमारी ताकत है। इस क्षमता और ताकत का वास्तविक ध्वजावाहक सोमनाथ है। वास्तव में सोमनाथ भारतीय लोगों के संघर्ष व जिजीविषा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ भारतीय जनमानस के जुझारूपन और इस देश की सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक रहा है, जिसे स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जाना प्रासंगिक है। प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएसए सांस्कृतिक व साहित्यिक समिति द्वारा पोस्टर निर्माण, निबन्ध, सोमनाथ संकल्प संवाद, व्याख्यान एवं संकल्प ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें युवाओं ने बड-चड कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास, परम्परा व संस्कृति से रूबरू करवाने का स्तुत्य प्रयास है। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक महेन्द्र कुमार खारड़िया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रम युवाओं को देश की सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़ने का पावन प्रयास है। एनएसएस प्रभारी जयप्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो सरोज हारित, प्रो मधु चौधरी, प्रो वीना ढेनवाल, प्रो अंजू ओझा, प्रो मोनिका शेखावत, प्रो वन्दना कुमारी, प्रो श्रेय, डॉ. प्रशान्त कुमार, डॉ. मधुसूदन प्रधान, डॉ. सुमेर सिंह, डॉ. अशोक कुमार, हरीश कुमार, कमलेश शर्मा, अजय तंवर आदि संकाय सदस्य उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक स्थगित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की समीक्षा बैठक जो 12 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में सीकर सांसद अमराराम की अध्यक्षता में आयोजित होनी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

# व्यंग्य से विद्रोह तक : महिला कार्टूनिस्टों की नई ताकत

नवयत्न।

## विशेष आलेख

कार्टून कला हमेशा से सत्ता, समाज और समय के साथ संवाद का माध्यम रही है। भारत में यह क्षेत्र लंबे समय तक पुरुषों के वर्चस्व में रहा लेकिन आज की महिला कार्टूनिस्टों ने अपनी सोच, संवेदनशीलता और बौद्धिक ताकत से इसे नई दिशा दी है। अब उनकी रेखाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहीं बल्कि वे सामाजिक आलोचना, लैंगिक समानता, पहचान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की सशक्त आवाज बन चुकी हैं। भारतीय महिला कार्टूनिंग को पहचान दिलाने में माया कामथ का योगदान खास रहा है। 1990 के दशक में उनके संपादकीय कार्टून सत्ता, भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता पर तीखे प्रहार करते थे। उन्होंने साबित किया कि कार्टून सिर्फ हंसी-मजाक का माध्यम नहीं बल्कि गंभीर विचार और विरोध का भी सशक्त जरिया है। डिजिटल दौर में रचिता तनेजा ने इस विरासत को आगे बढ़ाया है। उनकी वेबकॉमिक्स लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नारीवाद जैसे मुद्दों को सरल लेकिन प्रभावशाली तरीके से सामने लाती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने कार्टून को अखबारों के पन्नों से निकालकर सीधे आम लोगों तक पहुंचा दिया है। इसी तरह प्रिया कुरियन ने ग्राफिक नैरेटिव और चित्रण के जरिए महिलाओं के अनुभवों और सामाजिक संबंधों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। यह बदलाव दिखाता है कि महिला कार्टूनिस्टों की यात्रा अब प्रिंट से डिजिटल और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति से सामूहिक संवाद तक पहुंच चुकी है। आज की महिला कार्टूनिस्ट अलग-अलग माध्यमों और विषयों पर काम कर रही हैं। रचिता तनेजा जहां लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की बात करती हैं, वहीं प्रिया कुरियन महिलाओं के अनुभवों को चित्रों में उतारती हैं। नेहा शर्मा शहरी जीवन और रिश्तों की जटिलताओं को सरल अंदाज में सामने लाती हैं। एंजेला फेराओ लैंगिक भेदभाव के मुद्दे उठाती हैं, दीपानी सेठ महिलाओं की सुरक्षा पर काम करती हैं, भावना सिंह पहचान और रंगभेद पर सवाल उठाती हैं और दिति मिस्त्री सामाजिक ढांचे और जेंडर संबंधों को समझाती हैं। स्टेफी ऐन टोमी युवा संस्कृति और रोजमर्रा के हास्य को दिखाती हैं जबकि अदिति मित्तल अपने व्यंग्य से सामाजिक रूढ़ियों और महिलाओं की छवि को चुनौती देती हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने इन कलाकारों को नई पहचान और व्यापक मंच दिया है। अब उन्हें केवल अखबारों या संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वे सोशल मीडिया और वेबकॉमिक्स के जरिए सीधे लोगों से जुड़ रही हैं और सार्वजनिक बहस का हिस्सा बन रही हैं। हालांकि इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। ऑनलाइन ट्रोलिंग, लैंगिक पूर्वाग्रह, सीमित अवसर और राजनीतिक दबाव जैसी समस्याएं आज भी मौजूद हैं। व्यंग्य लोकतंत्र का जरूरी हिस्सा है, क्योंकि यह सवाल उठाता है और बहस को जन्म देता है। यही वजह है कि कई बार यह विवादों और हमलों का निशाना भी बनता है। ऐसे माहौल में महिला कार्टूनिस्टों का काम सिर्फ रचनात्मक नहीं, बल्कि साहस से भरा हुआ भी है। वे निजी अनुभवों को सार्वजनिक मुद्दों से जोड़ती हैं और समाज की गहरी जड़ें जमा चुकी सोच को चुनौती देती हैं। कानूनी तौर पर भी कार्टून एक महत्वपूर्ण रचना है। भारतीय कॉपीराइट कानून के तहत कार्टून, चित्र और ड्रॉइंग कलात्मक कृतियों में आते हैं और उन्हें संरक्षण मिलता है। इसका मतलब है कि कोई भी मौलिक कार्टून सिर्फ एक पोस्ट नहीं बल्कि कलाकार की बौद्धिक संपत्ति है। उसे अपने काम पर अधिकार और श्रेय दोनों मिलता है। फिर भी डिजिटल दौर में यह चुनौती बढ़ गई है। अक्सर कार्टून बिना अनुमति के शेयर, एडिट या रीपोस्ट कर दिए जाते हैं और कई बार कलाकार का नाम भी हटा दिया जाता है। इससे न केवल कॉपीराइट का उल्लंघन होता है बल्कि कलाकार की पहचान भी कमजोर पड़ती है। एआई तकनीक ने इस बहस को और जटिल बना दिया है। बिना अनुमति के कलाकृतियों का उपयोग, शैलियों की नकल और मौलिकता पर सवाल जैसे मुद्दे अब सामने आ रहे हैं। ऐसे में खासकर महिला कार्टूनिस्टों के लिए अपने काम का संरक्षण और भी जरूरी हो गया है। इसलिए अब समय है कि महिला कार्टूनिस्टों को सिर्फ व्यंग्य बनाने



वाली कलाकारों के रूप में न देखा जाए। वे सामाजिक जागरूकता, लोकतांत्रिक संवाद और रचनात्मक प्रतिरोध की नई भाषा गढ़ रही हैं। उनकी रेखाएं अब हंसी से आगे बढ़कर अधिकार, असहमति और पहचान की मजबूत आवाज बन चुकी हैं। आज के बदलते डिजिटल दौर में उनके काम, अधिकार और पहचान की रक्षा करना बेहद जरूरी है। क्योंकि हर रेखा सिर्फ एक चित्र नहीं होती, वह एक विचार, एक आवाज और एक स्वतंत्र पहचान का प्रतीक होती है।

*लेखिका : डॉ वीना बंसल*

# नियमित प्रवर्तन निरीक्षण व प्रभावी निगरानी से घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर करें कार्रवाई : सुराणा

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आवश्यक सेवाओं, ग्राम रथ अभियान, जनगणना-2027, मुख्यमंत्री विकसित ग्रामध् वार्ड अभियान, एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम सहित विभागीय योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने नियमित प्रवर्तन कार्रवाई, निरीक्षण, आकस्मिक जांच एवं प्रभावी निगरानी रखते हुए घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग, गैस एजेंसियों द्वारा अनियमितता आदि मामलों में नियमित निरीक्षण कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। जिला कलक्टर ने आवश्यक सेवाओं की समीक्षा करते हुए पेयजल, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जलापूर्ति बाधित होने अथवा विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों को ग्रीष्मकालीन कंटीजेन्सी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों को लेकर पूरी सतर्कता बरतने, अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों एवं चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरनिकाय अधिकारियों को गैनाणियों की ड्रेजिंग करवाने व नालाकृ नालियों की समुचित सफाई करवाने व हीट एक्शन प्लान हेतु डाटा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवाह इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत विभागीय अधिकारियों को उनके कार्यालय में आने वाले इंटर्न को बेहतर सीखाने व समुचित इंटर्नशिप संचालन को लेकर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों को पुस्तक संवाद कार्यक्रम के तहत अधिकतम पुस्तकें जारी कर पढ़ने के लिए प्रेरित करनेए कोड चूरू कार्यक्रम में सहगामी गतिविधियां संपादित करने और पीएमश्री स्कूलों की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए। ग्राम रथ अभियान की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की अवधि 17 मई तक बढ़ाई गई है। इस संबंध में अभियान का रूट चार्ट निर्धारित कर कार्ययोजना के साथ समुचित संचालन किया जाए। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करें व विभागों के अधिकारी, कर्मचारी रथों के साथ उपस्थित रहकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी दें। ग्राम कृ 2026 में सहयोगी सभी 13 विभागों के फील्ड स्तरीय अधिकारी आमजन को अधिकतम लाभान्वित करते हुए ग्राम में किसानों, पशुपालकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। जनगणना-2027 अंतर्गत गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों व चार्ज अधिकारियों को सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के माध्यम से आमजन को अधिकतम स्वगणना के लिए प्रोत्साहित करें। इसी के साथ एचएलबी ऐप, लॉगिन व डेटा संकलन, प्रशिक्षण व आईडी कार्ड वितरण आदि समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें इ मुख्यमंत्री विकसित ग्रामध्वार्ड अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने विकास अधिकारियों व नगरनिकाय अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बनाए गए प्लान का पुनर्वलोकन करें तथा निर्धारित पैरामीटर को पूर्ण करें। इसी के साथ मास्टर प्लान का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुमोदन किया जाए। एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम की समीक्षा कर जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं का अधिकाधिक टीकाकरण सुनिश्चित करें। चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने पिछले महीनों में संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों का पुनः वेरिफिकेशन कर परिवादियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करते हुए परिवादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से संतुष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर किसी भी प्रकार से 15 दिनों से अधिक पेंडेंसी ना रहे और एवरेज डिस्पोजल कम करते हुए संतुष्ट स्तर को बढ़ाया जाए। इसी के साथ सुनिश्चित करें के प्राथमिक स्तर पर ही प्रकरणों का निस्तारण हो। अनावश्यक रूप से प्रकरण उपरी स्तर पर अंतरण नहीं हों।

ऐसा होने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिला कलक्टर ने विमुक्त घुमंतू व अर्द्ध घूमंतू आवासहीन परिवारों के लिए आबादी विस्तार के लंबित प्रस्तावों में समुचित रिपोर्ट प्रस्तुत करने, स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन में प्रगति लाने, डीएमएफटी कार्यों व अटल ज्ञान केन्द्र के लंबित कार्यों को पूर्ण करने, ओपन जिम, आरओडब्ल्यू प्रकरणों के निस्तारण, लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत चिकित्सा, शिक्षा व महिला अधिकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त में गैप को कम करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले छह सटोरिए गिरफ्तार



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आईपीएल-2026 के दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में करणी विहार थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छह सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन सहित सट्टेबाजी में प्रयुक्त अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और लाखों रुपए के हिसाब-किताब से जुड़ी सामग्री बरामद की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच करणी विहार थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि धावास स्थित श्री बालाजी हाईट्स मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के फ्लैट नंबर-105 में अवैध रूप से ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सर्च वारंट प्राप्त कर फ्लैट पर दबिश दी। मौके पर आरोपित राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच चल रहे आईपीएल टी-20 मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलवाते मिले। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हेमन्त आचार्य, नवीन आचार्य, पवन आसवानी, सन्नी खटवानी, हीरा सिंह और संजय शेरा को गिरफ्तार किया। सभी आरोपित जोधपुर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित मोबाइल फोन और जूम एप्लीकेशन के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर अंकों के आधार पर रुपए दांव पर लगा रहे थे। पुलिस ने मौके से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन, सात नोटबुक तथा सट्टे से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पूछताछ की जा रही है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सट्टेबाजी के आर्थिक लेनदेन की भी जांच की जा रही है।

# ग्राम रथ यात्रा अभियान आयोजित

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की किशोरपुरा पंचायत में सोमवार को ग्राम रथ यात्रा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा एवं ग्राम रथ यात्रा झुंझुनू की प्रभारी संतोष अहलावत ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के हित में विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।



कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ यात्रा अभियान का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में भाजपा सुलताना मंडल अध्यक्ष राजकुमार जांगिड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, भाजपा प्रवक्ता राजकुमार मुंड, हीरेंद्र, पालाराम, बालजी जांगिड़, प्रताप, बीडीओ विनिशा राजपाल तथा महेंद्र सेन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आईआईटीआरएएम की एडमिशन काउंसलिंग में शामिल हुए राजस्थान के छात्र

**जयपुर (नवयत्न)।** अहमदाबाद स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड मैनेजमेंट द्वारा एडमिशन काउंसलिंग 2026 के अंतर्गत एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान समेत देशभर के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक एवं विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्यों ने प्रतिभागियों को आईआईटीआरएएम की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र जीवन, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, प्लेसमेंट एवं करियर अवसरों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ



ही विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी, तकनीकी शिक्षा के महत्व एवं करियर चयन को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर आयोजित संवाद सत्र में छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दिए गए जिससे उन्हें संस्थान एवं पाठ्यक्रमों के संबंध में स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुई। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। आईआईटीआरएएम द्वारा आयोजित यह एडमिशन काउंसलिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सही निर्णय लेने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में समर्पण, जिम्मेदारी एवं जनसहभागिता के साथ किया गया कार्य प्रशंसनीय : सुराणा

**चूरू (नवयत्न)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट कार्यालय में जनगणना-2027 के तहत जिले में स्वगणना चरण के दौरान अपने आवंटित मकानसूचीकरण ब्लॉक में नागरिकों को प्रेरित कर शत-प्रतिशत स्व-गणना करने वाले 03 प्रगणकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर सुराणा ने प्रगणकों द्वारा शतकृ प्रतिशत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में समर्पण, जिम्मेदारी एवं जनसहभागिता के साथ किया गया कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सफल बनाने में प्रगणकों की भूमिका अत्यंत अहम है और इसमें शत-प्रतिशत स्वगणना करने वाले प्रगणकों का कार्य अन्य कार्मिकों के लिए प्रेरणा है। जिला कलक्टर ने बताया कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कर रहे है, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं तकनीक आधारित बन रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वगणना में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। जिला कलक्टर सुराणा ने जिले की भानीपुरा तहसील के राजस्व ग्राम भाटवाला में एचएलबी संख्या 001 प्रगणक विनोद कुमार माकड़ व एचएलबी संख्या प्रगणक 002 प्रगणक गौतम कुमार तथा तारानगर तहसील के राजस्व ग्राम धीरवास बड़ा के एचएलबी संख्या 030 प्रगणक विकास कुमार सहारण को अपने ब्लॉक में शत-प्रतिशत स्वगणना करने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने प्रगणकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्व-गणना न केवल डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करती है, बल्कि यह जनगणना प्रक्रिया में नागरिकों की सीधी भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। सम्मानित प्रगणकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जनगणना कार्य राष्ट्रीय दायित्व है और आमजन के सहयोग से ही इसे सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

## नाम परिवर्तन

मैं सुमित पुत्र राजकुमार उम्र 23 साल, जाति जाट, निवासी धींधवा आथूना, तहसील पिलानी, जिला झुंझुनू, राजस्थान। आम खास को सूचित करता हूं कि पहले मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा नाम सुमित भास्कर (SUMIT BHASKAR) दर्ज था तथा अब मैंने मेरा नाम बदलकर (परिवर्तन) कर सुमित रख लिया है। एवं मैंने मेरे सभी दस्तावेजो में भी नाम बलदकर (परिवर्तन) कर सुमित (SUMIT) दर्ज करवा लिया है। अब भविष्य में मुझे सुमित (SUMIT) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। जो सही एवं सत्य है।

## साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के समीप स्थित नोखा गांव के राजकीय वरिष्ठ शिक्षा विभाग और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी साथ ही सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नोखा गांव के प्रशासक पुरखाराम देपन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपाध्याय संस्कृत स्कूल में साइकिल वितरण और सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें दी गईं। इस दौरान प्रधानाचार्य शोभाराम मंडीवाल ने शिक्षा विभाग और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी, साथ ही सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नोखा गांव के प्रशासक पुरखाराम देपन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के वार्षिक कार्यों एवं बजट संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर मोदी ने निर्देश दिए कि श्री कल्याण अस्पताल में समिति द्वारा संचालित सांझी रसोई को राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई की तर्ज पर संचालित किया जाए ताकि समिति के फंड का उपयोग अन्य जनहितकारी कार्यों में किया जा सके। उन्होंने सांझी रसोई एवं अन्नपूर्णा रसोई के मध्य दरों तथा भोजन की गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही रसोई में भोजन करने वाले लोगों का डिजिटल रिकॉर्ड संधारित करने के लिए भी कहा। जिला कलेक्टर ने जिले के सभी हॉस्टल, पीजी, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संस्थानों को नशा मुक्त परिसर घोषित करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने समिति द्वारा जिलेभर में सीपीआर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने तथा आमजन को दोपहिया वाहन चलाते समय आईएसओ प्रमाणित हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। बैठक में समिति द्वारा वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष राकेश कुमार लाटा, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ सीपी महर्षि, डॉ वीके जैन, संयोजक कांति प्रसाद पंसारी, संजय खीचड़, सचिव सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पन्नालाल सारडा, ईश्वर सिंह राठौड़, महावीर चौधरी, नरेंद्र लांबा, विनोद नायक, कपिल मीणा, कैलाश सैन, पवन कुमार टांक, रतनलाल शर्मा सहित समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## जेल में मोबाइल से धमकी भरा वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने वाला गिरफ्तार



**जयपुर ( नवयत्न )।** केंद्रीय कारागृह जयपुर में मोबाइल का अवैध उपयोग कर धमकी भरा वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के सनसनीखेज मामले में लाल कोठी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने वाले टॉप-10 सूची में शुमार शातिर आरोपित जगदीप पहलवान को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि सितंबर 2025 में जयपुर सेंट्रल जेल के भीतर निषिद्ध सामग्री स्मार्टफोन का उपयोग कर कुछ कैदियों ने एक धमकी भरा वीडियो बनाया था। इसके बाद इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए लालकोठी थाने में आईटी एक्टएबीएनएस और कारागार अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेल के भीतर वीडियो बनाने वाले छह आरोपित निखिल, अंकित जाट, प्रमोद स्वामी, राकेश गुर्जर, देशराज गुर्जर और रवि उर्फ रविंद्र गुर्जर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला मुख्य अभियुक्त जगदीप उर्फ कीडू जेल से जमानत पर बाहर होने के कारण पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहा था। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही उसने अपना मोबाइल तोड़कर पूरी तरह बंद कर दिया था। जहां गठित विशेष टीम ने कड़ी मशक्कत और तकनीकी इनपुट के आधार पर विशेष टीम ने दबिश देकर आरोपित जगदीप उर्फ जगदीप पहलवान उर्फकीडू निवासी सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार किया। आरोपित जयपुर के करधनी थाने के एक पुराने मामले में भी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने इंस्टाग्राम से संपर्क कर उस धमकी भरे वीडियो को डिलीट करवाया और आरोपी की इंस्टाग्राम आईडी को भी पूरी तरह बंद करवा दिया है आरोपी वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में है। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में लालकोठी थानाधिकारी प्रकाश राम, हेड कांस्टेबल सूरज और कांस्टेबल राधेलाल शामिल रहे। जिनकी सूझबूझ से यह शातिर बदमाश सलाखों के पीछे पहुँचा।

# जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर मोदी ने बैठक में कहा कि सभी विभाग इंटर-डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेशन से जुड़े मुद्दों से आवश्यक रूप से अवगत करवाएं ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभागों के आपसी समन्वय के अभाव में कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए तथा सभी प्रकरणों का समय पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग को 14 वर्ष की बालिकाओं के अभिभावकों को अधिकाधिक प्रेरित कर सभी पात्र बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 10 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में पूर्ण प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में स्व-गणना कार्य में भी प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने निर्देश दिए कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं के संतुष्टि स्तर में निरंतर सुधार लाया जाए। उन्होंने पीएचईडी, कोष कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों को 90 दिन से अधिक समय से लंबित संपर्क पोर्टल प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले युवा संबल मेला, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के संबंध में आवश्यक तैयारियां अभी से प्रारंभ करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग सहित विद्युत, ऊर्जा एवं चिकित्सा सहित अन्य विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, डीटीओ ताराचंद बंजारा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर निकली भव्य कलश यात्रा



निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के कला, साहित्य एवं पुरातत्व विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका नीमकाथाना द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत धार्मिक अनुष्ठान, कलश यात्रा, स्वच्छता अभियान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोषी माता मंदिर के पास स्थित शिवालय में सामूहिक मंत्रोच्चार, ओंकार जाप एवं शिव भजनों के साथ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर सुभाष मंडी स्थित गायत्री मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए शिवभक्ति के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगरपालिका क्षेत्र के साथ-साथ कुरबड़ा स्थित शिवालय में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां नगरपालिका कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा शिव विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सोमनाथ पुस्तिका का वितरण भी किया गया ताकि युवा पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास एवं सोमनाथ मंदिर के पुनरुत्थान की जानकारी मिल सके।

नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के निर्देशानुसार सहायक अभियंता मामराज जाखड़ ने नोडल अधिकारी के रूप में व्यवस्थाओं का संचालन किया।

## समाजसेवा के लिए रेणु कक्कड़ को जयपुर में मिला सम्मान



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित एक सम्मान समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रेणु कक्कड़ को सम्मानित किया गया।

उन्हें यह अवॉर्ड सामाजिक सरोकारों, जरूरतमंदों की सहायता तथा महिला एवं समाज कल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए प्रदान किया गया। लॉयन्स क्लब व शिल्पी फाउंडेशन के तत्वावधान में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समाजसेवी रेणु कक्कड़ के समाज सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों ने कहा कि वे लंबे समय से समाजहित के कार्यों में जुटी हुई हैं और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदैव आगे रहती हैं। अवॉर्ड मिलने पर रेणु कक्कड़ ने कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज के प्रति और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार, सहयोगियों और समाज के लोगों को दिया। समारोह में मौजूद अतिथियों ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाते हैं।

## पुराने विद्युत पोल बदलने की मांग

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा के पूर्व शहर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को पत्र देकर एवं वार्ता कर अवगत कराया कि वार्ड संख्या 44 एवं आस पास के क्षेत्र में कुछ विद्युत पोल बहुत पुराने हो जाने के कारण जमीन में नीचे चले गए है, जिससे विद्युत वायर भी नीचे हो जाने से वाहनों के आवागमन में दिक्कत होती है अतः पोलो को ऊंचा किया जाना अति आवश्यक है। इसी प्रकार लोहे के एवं जर्जर हो चुके सीमेंट पोलों को बदलवाने का कहा। इंदौरिया ने बताया गत 13 अप्रैल 2026 को नगरपालिका द्वारा विद्युत विभाग को एक पत्र क्रमांक नपार/2026/230 के द्वारा वार्ड संख्या 18, 4, 43, 44 एवं 45 में पोल शिफ्टिंग एवं नए पोल लगाए जाने का पत्र दिया था जिस पर अविलंब कार्यवाही करने का आग्रह किया। अधिशाषी अभियंता द्वारा अविलंब कार्यवाही करते हुए जन हित में कार्य करवाने का आश्वासन दिया। उक्त कार्यों में कुलदीप कम्मा, रमेश सारस्वत, पण्डितपुर गोगामेड़ी के पास सहित कई अन्य स्थानों पर पोल शिफ्टिंग एवं नए पोल लगाए जाने के कार्य प्रस्तावित है।

# हत्या के मामले में पांच साल से फरारी काट रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पूर्व जिला पुलिस की ओर से वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कानोता थाना पुलिस ने वर्ष 2015 के एक बहुचर्चित हत्या के मामले में पिछले 5 साल से लगातार फरार चल रहे और न्यायालय द्वारा घोषित स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। शातिर आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था और उसने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना भी पूरी तरह बंद कर दिया था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 9 मई 2015 को परिवादी कालूराम जोगी निवासी हरध्यानपुरा थाना कानोता ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जहां जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपित दिलखुश जोगी को गिरफ्तार कर लिया था और एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध कर न्यायालय में चार्जशीट पेश कर दी थी लेकिन कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी दिलखुश जोगी जमानत मिलने के बाद नियत तारीखों पर पेशी से लगातार अनुपस्थित होने लगा। इस पर विशिष्ट न्यायालय अजा/जजा अत्याचार निवारण प्रकरण, जयपुर महानगर प्रथम ने उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर दिया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आलोक सिंघल के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी लक्ष्मी सुथार के नेतृत्व में कानोता थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह की एक विशेष टीम का गठन किया गया। जहां पुलिस टीम ने बेहद सूझबूझ दिखाते हुए अपनी पहचान छिपाई और वेश बदलकर आरोपी के दोस्तों व रिश्तेदारों से गुप्त जानकारियां जुटाईं। पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने दबिश देकर स्थाई वारंटी दिलखुश जोगी निवासी हरध्यानपुरा कानोता को चाकसू से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। इस बेहद जटिल और पुराने मामले के आरोपी को पकड़ने में कानोता थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह, कांस्टेबल प्रकाश, अनु कुमार और मंतराम की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

## वन विभाग ने की कथित अतिक्रमण को लेकर नोटिस देने की कार्रवाई शुरू

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखागांव में वन विभाग ने कथित अतिक्रमण को लेकर नोटिस देने की कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय ने चार नोटिस चस्पा किए हैं। विभाग ने संकेत दिया है कि लगभग चार हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाएगा।

**अतिक्रमण हटाने की होगी कार्रवाई**–वन विभाग द्वारा जारी नोटिसों में संबंधित भूमि को वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में वन भूमि के नाम दर्ज बताया गया है। नोटिस प्राप्तकर्ताओं को दो दिन के भीतर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर राजस्थान वन अधिनियम 1953 (संशोधित 2012) के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**चार नोटिस चस्पा किए**–क्षेत्रीय वन अधिकारी किशोर सिंह ने बताया कि रविवार को चार नोटिस चस्पा किए गए हैं और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। ग्रामीणों का कहना है कि सीमांकन की जद में गांव के पक्के मकान, मंदिर, श्मशान भूमि और वर्षों पुराने सार्वजनिक रास्ते आ रहे हैं। ग्रामीण सीमांकन प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। उनके अनुसार खाता संख्या 411 के अंतर्गत 11 खसरों में 166.62 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के नाम दर्ज है, जिसमें खसरा नंबर



125 जोहड़ तथा शेष भूमि ओरण के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीमांकन बिना किसी स्पष्ट केंद्र बिंदु और ठोस आधार के किया जा रहा है, जिससे आबादी क्षेत्र और पुराने रास्ते भी वन भूमि में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक नोखागांव की रोही स्थित ओरण भूमि वर्ष 1973 में वन विभाग को पेड़-पौधे लगाने के उद्देश्य से आवंटित हुई थी। यह भूमि 28 जुलाई 1997 को विभाग को हस्तांतरित कर दी गई थी। अब विभाग इस भूमि पर चारदीवारी और तारबंदी की तैयारी कर रहा है, जिससे ग्रामीणों और वन विभाग के बीच विवाद बढ़ गया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने चारा खा रही गाय को नशे में मारी टक्कर

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना इलाके में स्थित किरों की ढाणी में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे चारा खा रही गाय को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने शराब के नशे में घुत वाहन चालक को मौके पर पकड़ लिया लेकिन शातिर वाहन चालक अपने वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद गौसेवकों में आक्रोश फैल गया और गोकुल वाटिका गो सेवा समिति के जुड़े नरेंद्र कुमार अपने कुछ कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचे और थाना प्रभारी गुरु भूपेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा और फरार वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। गोसेवकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किरो की ढाणी से वाहन जब्त कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# बीडीके अस्पताल में बेसिक एनआरपी प्रशिक्षण आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय एनआरपी दिवस के अवसर पर राजकीय बीडीके अस्पताल, झुंझुनू में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के फर्स्ट गोल्डन मिनट प्रोजेक्ट के अंतर्गत बेसिक एनआरपी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा जितेन्द्र भाम्बू ने किया। कार्यक्रम के दौरान 30 स्वास्थ्यकर्मियों जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर एवं कंसल्टेंट्स शामिल रहे, को नवजात शिशु पुनर्जीवन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जन्म के तुरंत बाद नवजात शिशुओं को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक सहायता उपलब्ध कराने की दक्षता विकसित करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय झाझड़िया एवं डॉ रविकांत सांखला द्वारा किया गया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र भाम्बू ने प्रतिभागियों को नवजात शिशु की प्रारंभिक देखभाल, श्वसन सहायता तथा गोल्डन मिनट में किए जाने वाले महत्वपूर्ण जीवन रक्षक कदमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जन्म के तुरंत बाद का पहला मिनट नवजात शिशु के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। सही समय पर उचित उपचार और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी नवजात मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे देश में आईएपी एवं एनएनएफ के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के 35 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 1077 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए तथा 24 हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य हेतु सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## राह चलती युवती से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोती डूंगरी थाना पुलिस ने राह चलती युवती का रास्ता रोककर उसके साथ अश्लील हरकत, छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले सिरफिरे आशिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 21 वर्षीय महिला निवासी जवाहर नगर कच्ची बस्ती ने मामला दर्ज करवाया है कि गोविंद मार्ग स्थित एक निजी ऑफिस औषधि वितरक में काम करती है और वह आरोपित विक्रम राज को करीब 2 साल से जानती थी और दोनों के बीच सामान्य दोस्ती थी। करीब एक महीने पहले दोनों के बीच विवाद होने पर उसने बातचीत करना बंद कर दिया। इसके बावजूद आरोपित फोन और मैसेज कर लगातार उसे परेशान कर रहा था। परेशान होकर पीड़िता ने अपनी सिम भी बदल ली, जिसके बाद आरोपी उसका पीछा करने लगा और उसे बदनाम करने व जान से मारने की धमकियां देने लगा। इस पर 9 मई 2026 की सुबह जब पीड़िता अपने ऑफिस जा रही थी, तभी रास्ते में गोविंद मार्ग पर आरोपित विक्रम राज अचानक उसके सामने आ गया और उसे जबरन रोकने की कोशिश की। जब वह डरकर ऑफिस की तरफ भागने लगी तो आरोपित ने सुनसान गली में उसे घसीटा, हाथ पकड़कर बदतमीजी की और अश्लील हरकत करते हुए उसके पैर पकड़ लिए। इसके बाद वह मारपीट कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी विश्लेषण मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित को ढूंढकर सलाखों के पीछे पहुँचा दिया। इस त्वरित कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में मोती डूंगरी थानाधिकारी मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल बनवारी लाल, भौम सिंह, जिला विशेष टीम के कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और विजय भड़ाना शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190